* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

29 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 218

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

प्रधानमंत्री ने रचा इतिहास, नया संसद भवन देशवासियों को किया समर्पित

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,900 रु./10 ग्राम
चांदी 74,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 29 मई, 2023
www.azadsipahi.in

मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बिछने लगी चुनावी बिसात

■ कर्नाटक में मिली हार के बाद फूंक-फूंक कर कदम रख रही है भाजपा

■ कांग्रेस के भीतर उत्साह तो है, लेकिन अंदरूनी कलह से पार्टी है परेशान

आजाद सिपाही विशेष

वैसे तो लोकतांत्रिक शासन प्रणाली ही अनोखी है, लेकिन उसमें भी भारत का लोकतंत्र कुछ अलग किस्म का है। यहां लोकतंत्र का आधा हिस्सा जहां जनता के बीच रहता है, तो आधा हिस्सा चुनावी सियासत के रंग में रंगा रहता है। अब चुनाव को ही लिया जाये। इसी महीने दक्षिण का प्रवेश द्वार कहे जानेवाले कर्नाटक का विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ है, तो अब सियासत की गाड़ी हिंदी पट्टी के तीन बडे राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पड़ाव डालने के लिए प्रस्थान कर चुकी है। यह गाड़ी कभी रुकती नहीं है, क्योंकि भारत के किसी न किसी हिस्से में कभी न कभी चुनाव होते ही रहते हैं। चूंकि सियासत की गाड़ी भोपाल, जयपुर और रायपुर की तरफ रुख कर चुकी है, तो राजनीतिक पार्टियों का ध्यान भी स्वाभाविक तौर पर उधर ही लग चुका है। इन तीन राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होना है। इसके बाद लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव होंगे। हिंदी पट्टी के इन तीन बड़े राज्यों के चुनाव इसलिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि यहां से लोकसभा चुनाव का असली पूर्वाभ्यास शुरू होगा। इसलिए भाजपा और कांग्रेस इन तीन राज्यों में कोई भी खतरा मोल लेने के लिए तैयार नहीं हैं। कर्नाटक के चुनाव परिणाम से उत्साहित कांग्रेस इन तीन राज्यों के लिए अलग किस्म की रणनीति अपनाने जा रही है, तो भाजपा ने कर्नाटक से सीख लेकर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इन तीन राज्यों की परिस्थितियां, चुनावी मुद्दे और सियासी हालात अलग-अलग हैं, तो स्वाभाविक रूप से रणनीति भी अलग-अलग होगी। इन तीन राज्यों में चल रही चुनावी तैयारियों और राजनीतिक दलों की संभावित रणनीतियों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

लोकतंत्र की वैधानिक चेतावनी में कहा जाता है कि कोई भी दो चुनाव एक जैसे नहीं होते। हरेक चुनाव की प्रकृति, जमीनी स्थिति और नेता अलग-अलग होते हैं। इस वैधानिक चेतावनी की पृष्ठभूमि में यह जानना दिलचस्प है कि इस साल के अंत में हिंदी पट्टी के तीन बड़े राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होनेवाले चुनाव में बाकी सब कुछ भले ही एक हो, राजनीतिक दलों की रणनीति राज्य के हिसाब से पूरी तरह अलग होनेवाली है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत मिलने के बाद कांग्रेस जहां इन तीन राज्यों को लेकर अधिक आशान्वित है, वहीं भाजपा पूरी तरह सतर्कता बरत रही है और कोई खतरा मोल लेने के लिए तैयार नहीं है। इसका मतलब है कि इन तीन राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों में दिलचस्प राजनीतिक मुकाबला होना तय है। यह तो सर्वविदित है कि विधानसभा चुनाव संसदीय चुनावों से अलग होते हैं, लेकिन भाजपा को रोकने के लिए विपक्ष का अधिक से अधिक राज्यों को जीतना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा राज्यों में मिली जीत से राज्यसभा में भी विपक्ष का पक्ष मजबूत होगा। इसलिए कांग्रेस के साथ भाजपा भी इन राज्यों में पूरा जोर लगा रही है। इन तीन राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। इन तीनों राज्यों में समानता एक ही है कि हर राज्य में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है, यानी इन तीनों राज्यों में से कहीं भी कोई भी क्षेत्रीय दल मजबूत नहीं है। इस लिहाज से लोकसभा चुनाव से पहले दोनों दलों के लिए ये चुनाव लिटमस टेस्ट साबित होनेवाले हैं। इन तीन राज्यों में से मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पास है। हालांकि विधानसभा के पिछले चुनाव में तीनों ही राज्यों में कांग्रेस को जीत मिली थी, लेकिन मध्यप्रदेश में बगावत के कारण सत्ता भाजपा की झोली में आ गयी थी।

भाजपा की तैयारी

कर्नाटक में मिली हार के बाद भाजपा अब इन चुनावी राज्यों की रणनीति में बड़े बदलाव करेगी। अब भाजपा जातिगत समीकरण और चुनाव प्रचार में स्थानीय नेतृत्व को अहम जगह देगी। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, कर्नाटक में हार के लिए काफी हद तक ये दो कारण जिम्मेदार रहे। इन तीन राज्यों के लिए तैयार योजना में जातिगत समीकरण का ध्यान रखा जायेगा और स्थानीय नेतृत्व के हाथ में राज्य के चुनाव प्रचार की कमान भी दी जायेगी। इसके अलावा भाजपा इन तीनों राज्यों में छोटी पार्टियों और उम्मीदवारों को चिह्नित करने में जुट गयी है, जो कांग्रेस के वोट का बंटवारा कर पाने में सक्षम हैं। जहां तक प्रचार अभियान की बात है, तो यकीनन इसकी कमान केंद्रीय नेतृत्व के हाथों में होगी, लेकिन राज्य के एक बड़े चेहरे को भी समानांतर रूप से सामने रखा जायेगा। दूसरे दलों से भाजपा में आनेवाले नेताओं का भी खास ध्यान रखने का फैसला किया गया है। भाजपा की सबसे बड़ी समस्या टिकट वितरण है। पार्टी के भीतर की खेमेबंदी के कारण अक्सर यह असंतोष का कारण बनता है। ऐसे में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने फैसला किया है कि टिकट वितरण में पार्टी के हर खेमे का ध्यान रखा जायेगा। किसी एक खेमे पर ही दांव नहीं खेला जायेगा। टिकट वितरण के समय जातिगत समीकरण और वरिष्ठ नेताओं की पसंद-नापसंद को भी बारीकी से समझा जायेगा।

कांग्रेस की तैयारी

जहां तक इन तीन राज्यों में कांग्रेस की तैयारी का सवाल है, तो पार्टी का मानना ??है कि वह कम से कम दो- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बेहतर स्थिति में है। कर्नाटक के बाद कांग्रेस का मानना है कि उसके पास एक रोडमैप है, जिसे वह मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में दोहरा सकती है। कर्नाटक में अपनायी गयी रणनीति को कांग्रेस इन दो राज्यों में भी आजमा सकती है, जिसके तहत चुनाव से कुछ माह पहले कल्याणकारी/लोकलुभावन रियायतों की घोषणा की जा सकती है। कर्नाटक की तरह ही कांग्रेस इन राज्यों में भी अपने चुनावी अभियान को हाइपर लोकल रखना चाहेगी, जिससे 'नरेंद्र मोदी फैक्टर' राज्य में सफल न हो पाये। हाल में जिन दोनों राज्यों, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस जीती, वहां पार्टी जीत के प्रति आश्वस्त थी। उसने अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थी। इसकी तुलना में गुजरात, त्रिपुरा और मेघालय में कांग्रेस का अभियान नीरस था। राजस्थान में पर्याप्त दबाव होने के बावजूद पार्टी को भरोसा है कि वह वहां भी अच्छा कर सकती है।

जहां तक मध्यप्रदेश का सवाल है, तो वहां कांग्रेस में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई असमंजस नहीं है। कमलनाथ का न तो शीर्ष पर कोई प्रतिद्वंद्वी है, न रैंक में कोई आगे है। कमलनाथ की राह के एकमात्र बाधा ज्योतिरादित्य सिंधिया भी अब पार्टी में नहीं हैं। काफी साल बाद राज्य में कांग्रेस में केवल एक स्पष्ट सीएम चेहरा है। हिमाचल और कर्नाटक की तरह कांग्रेस मध्यप्रदेश में भी चुनाव से पहले लोकलुभावन घोषणाएं शुरू कर चुकी है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में वह स्थिति नहीं है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के सामने टीएस सिंहदेव और ताम्रध्वज साहू चुनौती बन कर खड़े हैं, तो राजस्थान में सचिन पायलट हाथ धोकर अशोक गहलोत के पीछे पड़े हैं। इन दोनों राज्यों में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस किस स्थानीय चेहरे पर दांव लगाती है या फिर कर्नाटक की तरह दो नेताओं की जोड़ी को एक बना कर चुनाव मैदान में उतरती है। इन तीन राज्यों का चुनाव इसलिए खास है, क्योंकि इसका असर अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। इसलिए आम चुनावों के चुनावी मुकाबले का असली पूर्वाभ्यास इन तीन राज्यों में ही देखने को मिलेगा।

वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय सम्मेलन आयोजित

27% आरक्षण और अधिकार के लिए आंदोलन जारी रहेगा : महेश्वर साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में रविवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि महेश्वर साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु एवं संचालन उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है. वैश्य मोर्चा ने अपने संघर्षों के बल पर यह मुकाम हासिल किया है. आज अगर ओबीसी को 27% आरक्षण देने का मामला सरकार और विपक्ष के लिए मुद्दा बना हुआ है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान वैश्य मोर्चा के कार्यकताओं का है। श्री साहु ने कहा कि संगठन और सामाजिक एकता में बहुत ताकत होती है। वैश्य समाज एकता बना कर चले तो हर मुसीबतों का सामना किया जा सकता है।

हाइकोर्ट के अधिवक्ता एवं वरीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि 27% आरक्षण ओबीसी का संवैधानिक अधिकार है। कोई भी सरकार ज्यादा दिन तक ओबीसी को बरगला कर नहीं चल सकती है।

सम्मेलन को वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, संगठन महासचिव रोहित शारदा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, नम्रता सोनी आदि वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

इस सम्मेलन में दो प्रस्ताव भी पारित किए गए. पहले प्रस्ताव में कहा गया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा नीति आयोग की बैठक में ओबीसी को 27% आरक्षण दिए जाने के मुद्दा उठाए जाने का हम स्वागत करते हैं और केंद्र सरकार माँग करते हैं कि इस मुद्दे पर तत्काल सकारात्मक पहल किया जाए. जबकि दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि 6 जुलाई को जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों से दो सौ प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे।

इस सम्मेलन को सफल बनाने में केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस सम्मेलन में उप प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद साहू, केंद्रीय महासचिव हरिनाथ साहु, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य डॉ अरविंद कुमार, कृष्णा प्रसाद, नरेश साहू, नवीन कुमार, कपिल साहू, सुजीत कुमार, हेमलाल साहू, कृष्णा साहू, रेणू देवी, सुशीला देवी, सिंधू निराला, मुकेश शर्मा, डॉली जायसवाल, इंदू जायसवाल, पुष्पा कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

साहिबगंज में डायन के आरोप में देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काट डाला

साहिबगंज (आजाद सिपाही)। मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र की खैरवा पंचायत में सनसनीखेज मामले सामने आया है, जहां देवर ने कुल्हाड़ी से काटकर भाभी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी देवर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पति लखन टुडू के मुताबिक शनिवार को उसके पिता मरांग हांसदा की मौत लिवर की बीमारी की वजह से हो गयी थी। पत्नी शव के पास ही रो रही थी, तभी उसका भाई बाबू हांसदा आया लिये मेरी पत्नी को डायन-बिसाही बताकर झगड़ा करने लगा और इसी दौरान उसपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। देर शाम हत्या की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बाबू हांसदा ने अपना जुर्म कबूल लिया है। हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली। मृतका के पति ने मिर्जाचौकी थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 20 जून से

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), इंडियन रिजर्व बटालियन (आइआरबी) और विशिष्ट भारत रिजर्व बटालियन (एसआइआरबी) की प्रोन्नति पानेवाले पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 20 जून से होगा। इन सभी बटालियन के हवलदार और एएसआइ को एसआइ में और एसआइ को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी जानी है। प्रशिक्षण की तैयारी के लिए आईजी ट्रेनिंग ने जैप चार, जैप पांच, जैप नौ और आईआरबी नौ के कमांडेंट के साथ 29 मई को बैठक होगी। बैठक में शौचालय, पानी, बिजली, पाठ्य सामग्री, हथियार, गोली के बिंदुओं पर चर्चा होगी।

रांची में दुष्कर्म पीड़ित बच्ची का बयान दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। बाल कल्याण समिति रांची की टीम ने रविवार को बीते दिनों दुष्कर्म की शिकार हुई सात वर्षीय नाबालिग बच्ची का बयान दर्ज किया। बयान में बच्ची ने अपने साथ घटी घटनाओं की जानकारी दी। बच्ची का अभी अस्पताल में ईलाज चल रहा है। बाल कल्याण समिति की टीम ने अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया। समिति के चेयरमैन अजय शाह ने बताया कि आमतौर पर बयान के लिए पीड़ित को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन बच्ची इलाजरत है, इसलिए अस्पताल में ही जाकर बयान दर्ज किया गया।

रांची में बाइक और मोबाइल लूटकांड के तीन आरोपित गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। अनगड़ा थाना पुलिस ने बाइक और मोबाइल लूटकांड मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें मोहम्मद कैफ उर्फ टेना, अरसलान अंजर और अक्षय सिंह शामिल हैं। इनके पास से लूटी गयी पल्सर बाइक, रेडमी कंपनी का मोबाइल, घटना में प्रयोग की गयी बाइक और चाकू बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 16 मई को साजन पोद्दार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि अनगड़ा थाना के चमघाटी में तीन अपराधी उनकी बाइक का दूसरी बाइक से ओवरटेक कर चाकू मार कर बाइक और मोबाइल लूट कर फरार हो गये थे।

इस बार सावन होगा 59 दिनों का, आठ सोमवारी को होगी महादेव की आराधना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। महादेव को समर्पित सावन मास में इस बार अधिकमास लग रहा है। 19 वर्षों बाद ऐसा संयोग हो रहा है, जब सावन माह में अधिकमास लग रहा हो। ऐसे में यह सावन लगभग 59 दिनों का होगा। पंचांग के अनुसार श्रावन मास की शुरुआत 4 जुलाई 2023 से हो रही है। 31 अगस्त 2023 को समाप्त होगा। शिव भक्तों को महादेव की उपासना के लिए दो माह का सावन मिलेगा। 4 जुलाई से 31 अगस्त तक सावन रहेगा। मंगलवार से शुरू हो रहे सावन की पूणार्हुति गुरुवार को होगी। इस दौरान कुल आठ सोमवारी पड़ रहे हैं। देवघर में भी श्रावणी मेला 31 अगस्त तक चलेगा।

सावन में बरसेगी कृपा : खड़ेश्वरी मंदिर के पुजारी राकेश पांडेय बताते हैं कि सावन मास महादेव को समर्पित है, लेकिन अधिकमास के स्वामी श्री विष्णु हैं, इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास भी कहते हैं। इस बार सावन में पड़ने के कारण यह अधिकमास और भी विशेष हो गया है, क्योंकि इस मास में जो भी जातक निष्ठापूर्वक भगवान का चिंतन-मनन करेगा, उन्हें हरि और हर दोनों की कृपा प्राप्त होगी। राकेश पांडेय ने बताया कि पिछली बार वर्ष 2020 में अश्विन मास में अधिकमास पड़ा था।

क्या है वैदिक गणित

वेदाचार्य पंडित रमेशचंद्र त्रिपाठी कहते हैं कि पंचांग की गणना सौर और चंद्र से होती है। सौर मास 365 दिन का होता है और चंद्रमास 354 दिनों का। 11 दिन का अंतर प्रत्येक तीन वर्ष में 33 दिन का हो जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है। इस बार अधिकमास श्रावण मास में लग रहा हैं।

मलमास को लेकर लोगों में है भ्रांतियां : रमेशचंद्र त्रिपाठी बताते हैं कि कई लोग इसे मलमास कहते हैं और इसको लेकर जलार्पण और पूजा पाठ न करने की भ्रांतिया भी हैं, जबकि वेदों में स्पष्ट है कि जैसे 27 नक्षत्र में अभिजीत नक्षत्र भगवान को अतिप्रिय है, ठीक उसी प्रकार अधिकमास यानी पुरुषोत्तम मास हरि और हर दोनों को प्रिय है। इसमें किया गया पूजा पाठ का अक्षय फल प्राप्त होता है।

झारखंड-बिहार में नौ से अधिक कनेक्शन रखनेवाले ग्राहकों के 17 हजार सिम डीओटी ने किये निष्क्रिय

आजाद सिपाही सवाददाता

रांची। बिहार और झारखंड में नौ से अधिक कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के 21,800 सिम कार्ड में से अब तक कुल 17,000 को अप्रैल और मई में निष्क्रिय कर दिया गया है। रांची स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारी प्रत्युष पाठक ने रविवार को बताया कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने 21,800 कनेक्शन में से लगभग 17,000 ऐसे मोबाइल नंबरों को निष्क्रिय कर दिया है। डीओटी के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार एक ग्राहक भारत में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से अधिकतम कुल नौ मोबाइल कनेक्शन प्राप्त कर सकता है। जम्मू-कश्मीर, असम और उत्तर पूर्वी राज्यों में ग्राहकों के लिए यह सीमा छह है। उन्होंने बताया कि अप्रैल और मई के महीने में टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन विश्लेषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड फेशियल रिकॉग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन ने खुलासा किया कि बिहार और झारखंड में एक उपभोक्ता को अनुमति से अधिक नौ से ज्यादा कनेक्शन देकर कुल 21,800 मोबाइल कनेक्शन जारी किये गये। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 17,000 नंबर के कनेक्शन काट दिये गये हैं। इस तरह के नंबरों की पहचान करने के लिए और विश्लेषण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि झारखंड भी डीओटी के एलएसए (बिहार) के अधिकार क्षेत्र में आता है। डीओटी ने अप्रैल और मई के महीने में बिहार और झारखंड के लगभग सात करोड़ ग्राहकों का फेशियल विश्लेषण किया और पाया कि 21,800 मोबाइल कनेक्शन स्वीकृत सीमा से अधिक जारी किये गये थे। उन्होंने बताया कि डीओटी ने हाल में मोबाइल ग्राहकों को सशक्त बनाने, उनकी सुरक्षा को मजबूत करने और केंद्र सरकार की नागरिक केंद्रित पहलों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए एक डिजिटल पोर्टल संचार साथी शुरू किया है।

www.epaper.azadsipahi.in

29 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 218

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 30 उग्रवादियों को मार गिराया

प्रधानमंत्री ने रचा इतिहास : नया संसद भवन देशवासियों को किया समर्पित

140 करोड़ भारतीयों के सपनों का प्रतिबिंब है नया संसद भवन: मोदी

- इसके कण-कण से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दर्शन होते हैं
- आनेवाले दिनों में पूरे देश को प्रेरणा देता रहेगा 'सेंगोल'

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के नये भवन को 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब करार देते हुए रविवार को कहा कि यह इमारत समय की मांग थी और इसके कण-कण से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की पीठ के निकट स्थापित 'राजदंड' (सेंगोल) सभी को प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि संसद के नये भवन का कण-कण गरीबों को समर्पित है। इससे पहले पीएम मोदी ने देश की आजादी के अमृत काल में इतिहास रचते हुए नवनिर्मित संसद भवन को देशवासियों को समर्पित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि यह सिर्फ एक भवन नहीं है। यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह विश्व को भारत के दृढ़संकल्प का संदेश देता है। यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को निर्माण से और इच्छाशक्ति को क्रियाशक्ति से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ने वाली अहम कड़ी साबित होगा। यह नया भवन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का नया माध्यम बनेगा। यह नया भवन आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी बनेगा।

'राजदंड' का उल्लेख : प्रधानमंत्री के मुताबिक, देश की विकास यात्रा के कुछ पल अमर हो जाते हैं और आज भी ऐसा ही एक दिन है। उन्होंने 'राजदंड' का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भी नये संसद भवन में कार्यवाही शुरू होगी, यह 'सेंगोल' हम सभी को प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि 'सेंगोल' अंग्रेजों से सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक था। हमने इसे उचित सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज वैश्विक लोकतंत्र का बहुत बड़ा आधार है। लोकतंत्र हमारे लिए एक संस्कार, एक विचार और एक परंपरा है। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृतकाल विरासत को सहेजते हुए विकास के नये आयाम गढ़ने का नया काल है।

एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन : प्रधानमंत्री ने कहा कि नये संसद भवन को देख कर हर भारतीय गौरव से भरा हुआ है। इस भवन में विरासत भी है, वास्तु भी है। इसमें कला भी है, कौशल भी है। इसमें संस्कृति भी है, संविधान के स्वर भी हैं। इस भवन के कण-कण में हमें 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि बीते एक-दो दशक से चर्चा हो रही थी कि देश को नये संसद भवन की आवश्यकता है। यह समय की मांग थी कि संसद की नयी इमारत का निर्माण किया जाये। मुझे खुशी है कि यह भव्य इमारत आधुनिक सुविधाओं से लैस है। मोदी ने कहा कि नये संसद भवन ने करीब 60 हजार श्रमिकों को रोजगार देने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने अपने नौ साल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि ये नौ साल भारत में नवनिर्माण और गरीब कल्याण के रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे गरीबों के चार करोड़ घर बनने का संतोष है। जब हम इस इमारत को देख कर अपना सिर ऊंचा कर रहे हैं, तो मुझे 11 करोड़ शौचालयों के निर्माण को देख कर भी संतोष है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक भवन नहीं है। एक राष्ट्र के रूप में हम सभी के लिए 140 करोड़ का संकल्प ही इस संसद की प्राण प्रतिष्ठा है। यहां होने वाला हर निर्णय ही आने वाले समय को संवारने वाला है। संसद की हर दीवार, इसका कण-कण गरीब के कल्याण के लिए समर्पित है। संसद का यह नया भवन, भारत के सृजन का आधार बनेगा।

राष्ट्रपिता को नमन, हवन और श्रमजीवियों को सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ की। बाद में वह हवन और पूजा के अनुष्ठानों में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने भवन के निर्माण में लगे श्रमजीवियों को सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने संसद भवन में 'सेंगोल' स्थापित कर 20 पंडितों से आशीर्वाद लिया। बाद में वहां सर्वधर्म प्रार्थना सभा भी आयोजित की गयी।

'मोदी-मोदी', 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के नारों के बीच हुआ उद्घाटन

नये संसद भवन के उद्घाटन के बाद लोकसभा में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवेश करने से पहले ही पूरा कक्ष तालियों की गड़गड़ाहट के साथ ही 'मोदी-मोदी', 'भारत माता की जय', 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के नारों से गूंज उठा। प्रवेश द्वार से मोदी के आगमन से लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश के साथ मंच पर उनके पहुंचने तथा समारोह की औपचारिक शुरुआत होने तक तालियों की गड़गड़ाहट जारी रही। कक्ष के अंदर दो बड़े स्क्रीन थे, जिन पर मोदी के आगमन का सीधा प्रसारण हो रहा था। प्रधानमंत्री ने जैसे ही कक्ष में कदम रखा, तो इस दौरान कुछ सदस्यों ने 'शिवाजी महाराज की

जय' के नारे भी लगाये। मंच की ओर बढ़ते समय मोदी ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा सहित कई गणमान्य लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान सभी सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर तालियां बजा रहे थे। देवगौड़ा सबसे पहले पहुंचने वाले वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। वह व्हीलचेयर पर आये थे। वह पहली पंक्ति में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ बैठे थे। प्रधानमंत्री मोदी जब मंच से संबोधन दे रहे थे, तब साक्षी महाराज सहित कई सदस्यों को उनका वीडियो बनाते भी देखा गया। मोदी के करीब 35 मिनट के संबोधन के दौरान कमोबेश हर दो लाइन के बाद तालियां बजीं और जब उनका संबोधन समाप्त हुआ, तो सदस्यों ने खड़े होकर कुछ मिनट तक तालियां बजायीं।

मन की बात में पीएम मोदी ने खूंटी जिले में जल संरक्षण की तारीफ की

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिये देशवासियों को संबोधित किया। यह इस कार्यक्रम का 101वां एपिसोड था। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने खूंटी जिले का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि यहां पानी के सदुपयोग से जुड़ा प्रेरक प्रयास हो रहा है। उन्होंने सभी ग्रामीणों की तारीफ करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि पूरा खूंटी जिला एक आकर्षक उदाहरण है। पीएम ने बताया कि खूंटी में लोगों ने पानी के संकट से बचने के लिए बोरी बांध कर रास्ता निकाला। बोरी बांधकर पानी इकट्ठा होने के कारण यहां सब्जियों की पैदावार भी हो रही है। इससे यहां के लोगों की आमदनी भी बढ़ने लगी और लोगों की जरूरतें भी पूरी होने लगीं। पीएम ने कहा कि जन भागीदारी का कोई भी प्रयास कैसे जन बदलावों को साथ लेकर आता है, खूंटी इसका एक आकर्षक उदाहरण बन गया है। उन्होंने यहां के लोगों को इस प्रयास के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। बता दें कि झारखंड के कई जगहों में गर्मी के मौसम में पानी की घोर किल्लत हो जाती है। ऐसे में ग्रामीण लंबी दूरी तय कर नदी-नाले से पानी लाते हैं और अपनी प्यास बुझाते हैं। खूंटी के कई गांवों में भी पानी की यही स्थिति होती है। जल संकट की इसी स्थिति से बचने के लिए खूंटी में ग्रामीणों ने बोरी का सहारा लेकर चेक डैम बनाया है। चेक डैम के पानी से ग्रामीण सिंचाई आदि का काम भी कर रहे हैं, जिससे सब्जियों की अच्छी पैदावार हो जाती है। इस पानी का उपयोग अन्य कई कामों में भी जा रहा है।

पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को उनकी 140वीं जयंती पर याद करते हुए उनकी तारीफ की और कहा कि उनका बलिदान, साहस, संकल्प हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। सावरकर का व्यक्तित्व शक्ति तथा उदारता का स्वरूप था। उनकी निडर और स्वाभिमानी प्रकृति ने गुलामी बर्दाशत नहीं की। पीएम मोदी ने अपने अंडमान निकोबार दौरे को याद करते हुए कहा कि मैं वह दिन नहीं भूल सकता, जब उस कोठरी में गया था, जहां वीर सावरकर ने कालापानी की सजा काटी थी।

एक दिन, दो इवेंट : सियासी बिसात पर भी पीएम ने कायम रखी बढ़त

दिग्गजों के सहारे पांच दक्षिणी राज्यों के सामने खींची नयी लकीर

- संसद भवन के लोकार्पण में तमिल पुजारियों को अग्रिम पंक्ति में रखा
- 'मन की बात' में आंध्र के पूर्व सीएम एनटी रामाराव का भी जिक्र

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए रविवार का दिन व्यस्तताओं से भरा रहा। नये संसद भवन के लोकार्पण और अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के अलावा भाजपा मुख्यालय में पार्टी शासित मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक में उन्होंने भाग लिया। पीएम की इन व्यस्तताओं के बीच खास बात यह रही कि उन्होंने सियासी पिच पर अपनी बढ़त कायम रखी। उन्होंने दिग्गजों के सहारे दक्षिण के पांच राज्यों के सामने लंबी लकीर खींची।

पीएम मोदी ने 'मन की बात' में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव का भी जिक्र किया। आज उनकी एक सौवीं जयंती है। पीएम मोदी ने कहा कि एनटी रामाराव ने अपनी प्रतिभा के दम पर भारतीय राजनीति और भारतीय सिनेमा में अमिट छाप छोड़ी।

तमिलनाडु-कर्नाटक के पुजारियों का सम्मान : पीएम मोदी ने सुबह में नये संसद भवन के कार्यक्रम में और एक दिन पहले भी तमिलनाडु से आये पुजारियों का न सिर्फ सम्मान किया, बल्कि उनके साथ पूजा-अर्चना भी की। प्रधानमंत्री ने 'सेंगोल' (राजदंड) को दंडवत प्रणाम किया और हाथ में पवित्र राजदंड लेकर तमिलनाडु के विभिन्न अधीनमों के पुजारियों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान कर्नाटक के शृंगेरी मठ के पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 'गणपति होमम' अनुष्ठान भी किया गया।

आगे की पंक्ति में बैठे देवगौड़ा-जगन : नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह में अगली कतार में कई ऐसे चेहरे दिखे, जो 2024 में एनडीए के साथ जा सकते हैं। इनमें जद-एस नेता और पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, वाइएसआर कांग्रेस प्रमुख और आंध्रप्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी और बीजद प्रमुख नवीन पटनायक जैसे नेता शामिल रहे। क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं को कार्यक्रम में जिस तरह से प्रमुखता दी गयी, उसे देखते हुए माना जा रहा है कि ये पार्टियां 2024 में सरकार का समर्थन कर सकती हैं। ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक और वाइएसआर प्रमुख जगन मोहन रेड्डी कई बार पीएम मोदी की तारीफ कर चुके हैं। देवगौड़ा भी पीएम मोदी के प्रशंसक रहे हैं। लोजपा के चिराग पासवान तो खुलकर भाजपा सरकार की तारीफ कर चुके हैं।



बिजली विभाग के सुस्त रवैये के कारण 72 घंटे से कई मुहल्ले अंधकार में

हजारीबाग। गुरुवार शाम को हजारीबाग में भयावह रूप से आंधी आई। जिससे पूरा शहर अस्त व्यस्त हो गया। सौ से अधिक पेड़ सड़क और बिजली तार पर गिर गये। दर्जनों बिजली पोल टूट गये। 72 घंटे बीतने के बाद भी शहर के कई मुहल्ले अंधकार में डूबे है। बिजली विभाग के सुस्त रवैए के कारण 72 घंटे बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। लोग जेनरेटर के सहारे पानी भरने का काम कर रहे मगर जेनरेटर वाले भी अनाप सनाप पैसे ऐठ रहे हैं। हजारीबाग शहर का पॉश इलाकों में एक फारेस्ट क्लोनी है जहां हजारीबाग न्यायालय के कई न्यायाधीश का आवास है। साथ ही वन विभाग समेत कई पॉलिटिकल पार्टी के बड़े नेता भी रहते है। मगर बिजली विभाग के धीमी चाल के कारण अंधेरे में रहने को विवश है। जिस रफ्तार से बिजली विभाग कार्य कर रही है उससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है की पूरे शहर में बिजली आपूर्ति बहाल देने में दो तीन दिन और लग सकते हैं।

आर्यन सिंह बने नौसेना में सब लेफ्टिनेंट

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। कोडरमा जिले के प्रखंड मरकच्चो स्थित मध्य पंचायत निवासी दिलीप सिंह और नीतू सिंह के पुत्र आर्यन सिंह ने भारतीय नेवी में सब लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर परिजनों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। आर्यन सिंह के सब लेफ्टिनेंट बनने पर परिवार और गांव में खुशी की लहर है और दोस्तों, रिश्तेदारों तथा गुरुजनों समेत सभी लोग बधाई दे रहे हैं। 2019 में एनडीए की परीक्षा पास कर इंडियन नेवल एकेडमी ऐझीमाला से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। आर्यन सिंह का कहना है कि उनकी इस कामयाबी का पूरा श्रेय उनके माता-पिता को जाता है जिनके सहयोग और मार्गदर्शन के कारण आज वे इस बुलंदी के शिखर पर हैं। जिन्हें लगता है कि मेहनत करके आप आसमान की किसी भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं। आर्यन हमारे जिले के सभी युवाओं से यह कहना चाहते हैं कि कर्म करो और फल की चिंता छोड़ो हमारे हाथ में सिर्फ कर्म करना ही है, फल की चिंता कोई और कर रहा है। आर्यन सिंह के कामयाबी पर दादा सहदेव सिंह उर्फ सेठ जी, मामा रविशंकर सिंह रिंकू, मुखिया रानी सिंह, प्रमुख विजय कुमार सिंह, उत्तरी पंचायत मुखिया रणजीत कुमार सिंह, दक्षिणी पंचायत मरकच्चो मुखिया दीपक कुमार पांडेय समेत कई ग्रामीणों ने बधाई दी है और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बड़कागांव में योग शिविर का आयोजन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को विशेष शिविर में लक्ष्य गीत, प्रार्थना और योग से प्रारम्भ हुई। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने संचालन किया। योग के प्रशिक्षक श्रीकांत निराला और प्रोफेसर ललिता कुमारी थे। योग का अर्थ अपने शरीर को मस्तिष्क के साथ जोड़ना है और अपने आत्मा को परमात्मा से जोड़ना है, जो योग करने से लाभ मिलता है। योग करने से मनुष्य निरोग रहते हैं, योग में पवनमुक्त आसन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया । दूसरे सत्र का विषय जीवन कौशल प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण की आवश्यकता के अनुसार अपने को ढालना और सकारात्मक करने की योग्यता कौशल व्यवसायिक कौशल, रचनात्मक सोच, समस्या का समाधान करना, प्रभावी संप्रेषण और भावना प्रबंधन आदि चर्चा करते हुए कहा कि मानव जीवन कौशल अपना जीवन प्रगति कर सकता है' पत्रकार पवन कुमार सिंहा ने ग्राम पंचायत के उपलब्धियों और वार्ड सदस्य पंचायत समिति और मुखिया के दायित्व पर प्रकाश डाला मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर कीर्तीनाथ महतो, प्रो. लालदेव महतो, प्रो पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर और स्वयंसेवकों में संदीप कुमार, विश्वनाथ कुमार, शिवम कुमार, सुजीत बिरहोर, विद्या, बबीता सुमन आदि उपस्थित थे।

त्रिदेव विस्थापित समिति का गठन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। चेपाकला पंचायत के ग्राम जुगरा,आराहारा और मझली डाड़ी के ग्रामीणों ने त्रिदेव विस्थापित समिति का गठन को लेकर बैठक किया। जिसमें सर्व समिति से समिति का गठन हुआ। अध्यक्ष बने शंकर राम और सचिव खेमानी साव, कोषाध्यक्ष फुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष विजय राणा, उपसचिव राजेंद्र प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष सिकेंद्र कुमार साव, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार सिंह का चयन हुआ।मौके कैलाश साव, ब्रजेश कुमार सिंह, बाजो राम, रामदुलार साव, द्वारिका भारती, मुकेश साव, दिनेश्वर साव, सिकंदर साव, संतोष सिन्हा, सुरेश राणा, विजय महतो ,दिनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, मिठू महतो, कुलदीप महतो, रामकुमार साव, टीभर राम के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

जदयू ने की समीक्षात्मक बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जनता दल यूनाइटेड जिला कार्य समिति की बैठक डीवीसी गेस्ट हाउस में हुई, जिसमें कोर कमेटी के सदस्य मुन्ना मलिक और कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा और संचालन मिथिलेश सिंह ने किया। बैठक में कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह और प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह ने जिला उपाध्यक्ष सह नगर प्रभारी राजकुमार खंडेलवाल और जिला महासचिव प्रेमचंद राम को अनुशासन हीनता के आरोप में पद मुक्त करने का प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने एक स्वर से समर्थन किया और दोनों पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त किया गया। बैठक में वरिष्ठ सदस्य जफरुल्लाह सिद्दीकी, प्रदेश अल्पसंख्यक के रोमी सलूजा, राकेश गुप्ता, यासीन अंसारी, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी, सुजाता सिंह, शंकर महतो, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर उपस्थित थे।

अवैध माइका खदान में चाल धंसने से दो लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददता

झुमरीतिलैया। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा और बिहार की सीमा पर स्थित गम्हारो (विशुनपुर जंगल) जंगल में अवैध रूप से संचालित माइका खदान में खनन के दौरान चाल धंस जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में तिसरी प्रखंड के लोकाई के छतरमार निवासी रामकुमार टुडू (28) और सोमो हांसदा (27) शामिल है। वहीं चाल धंसने और दोनों मजदूरों के दबे होने की खबर गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद खदान संचालक फरार हो गये और शव को भी गायब करने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव अपने कार्यकताओं के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की जानकारी ली। वहीं छतरमार के ग्रामीणों ने बताया कि गावां तिसरी के क्षेत्र में माइका का अवैध कारोबार पिछले कुछ माह से बंद है। कई मजदूर कोडरमा जिले में संचालित अवैध माइका खदानों में काम करते हैं। वहां हादसा होने पर अवैध कारोबारी मृतक के परिजनों को मुआवजा देना तो दूर, शव भी गायब कर देते हैं। मामले को लेकर वन विभाग के रेंजर ने तिलैया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में सपहा (विशुनपुर) आरक्षित वन अंतर्गत गम्हारो पुराना अभ्रक माईंस में अवैध खनन का कार्य करने वाले प्रकाश यादव, रवि यादव, दोनो साकिन बाराटोला, थाना-तिलैया, जिला-कोडरमा और सुरेश साव, साकिन शांती विहार, तिरिल कोकर, थाना बरियातु जिला रांची, राजू यादव, साकिन पारहो चौधरीडीह, थाना डोमचांच, जिला कोडरमा को आरोपी बनाया है।

डेढ़ करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा जिले में छात्रों को अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति देने के नाम पर किए गए घोटाले में कोडरमा पुलिस कार्रवाई करते हुए विभाग के क्लर्क प्रमोद कुमार मुंडा को गिरफ्तार कर लिया गया है। ज्ञात हो कि इसके पहले कल्याण विभाग के रिटायर्ड क्लर्क मो. मोबिन और कम्पयूटर ऑपरेटर मो. हैदर को भी गत तीन दिन पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अल्पसंख्यक छात्रों को भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाले छात्रवृत्ति का लगभग 1.5 करोड़ रुपये गबन मामले में जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर ने कोडरमा थाना में नवम्बर 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराया था। कल्याण विभाग द्वारा जिले में फ्री मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति घोटाले का आरोप 10 विघालय के प्राचार्य के अलावे जिला कल्याण कार्यालय से रिटायर्ड क्लर्क मो मोबिन, क्लर्क प्रमोद कुमार मुंडा और कम्प्यूटर ऑपरेटर मो हैदर को आरोपी बनाया गया था। यह भी बताया जाता है कि कोडरमा में 1433 अल्पसंख्यक छात्रों के नाम पर तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपये की राशि गबन मामले में अनियमितता की बात जब डीसी को पता चली तो उन्होंने अपर समाहर्ता से इस पूरे मामले की जांच करवाई। जिसमें यह बात सामने आई कि फर्जी स्कूल और फर्जी छात्रों के नाम पर अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के नाम पर मिलने वाली राशि का गबन किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 में दस स्कूलों के 1433 छात्रों के नाम पर तकरीबन डेढ़ करोड़ की राशि विभाग के कर्मियों की मिलीभगत से गबन कर ली गयी थी। जांच के दौरान 12 स्कूलों में से दस से संबंधित रिकॉर्ड में गड़बड़ी की बात सामने आयी थी। जिन 1433 बच्चों की सूची मिली थी उनमें से एक भी बच्चे के खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं किये गये। इनमें से कई बच्चों के नाम और पता भी फर्जी पाये गये हैं। इतना ही नहीं जांच रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र था कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जगह बाहरी युवाओं को छात्र के नाम पर छात्रवृत्ति का वितरण दिखाया गया है।

मौलिक सुविधाओं की मांग को लेकर गोलबंद हुए ग्रामीण

आजाद सिपाही संवददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में मौलिक सुविधाओं की मांग करने को लेकर गोलबंद हुए ग्रामीण। इसके लिए ग्रामीणों ने बरखा का प्रखंड के मॉडर्न पब्लिक हाई स्कूल के प्रांगण में बैठक किया। इसकी अध्यक्षता महेश प्रसाद साहू और संचालन समाजसेवी लखींद्र ठाकुर ने किया। इस बैठक में पंचायत प्रतिनिधि अधिवक्ता, शिक्षक छात्र और बुद्धिजीवी वर्ग भी भाग लिए। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि बड़कागांव में भारत का महारत्न कंपनी एनटीपीसी के नेतृत्व में त्रिवेणी सैनिक द्वारा हर दिन करोड़ों रुपये का कोयले का उत्खनन किया जा रहा है, यहां के कोयला से देश-विदेश में बिजली उत्पादन हो रहा है। लेकिन बड़का गांव में अंधेरा छाया हुआ है। बाहरी लोगों को रोजगार मिल रहा है। यहां के लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। सीएसआर के तहत बड़कागांव प्रखंड में ना बिजली ना सड़क ना पानी ना स्कूल का काम हो रहा है। एनटीपीसी और इसके सहायक कंपनी त्रिवेणी सैनिक में रोजगार लेने संबंधित चर्चा की गयी। टीम गठित कर सांसद, विधायक और अन्य आला अधिकारी से मिलकर समस्याओं का निदान निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में बादम में प्रधानमंत्री आवास न बनना और बड़कागांव में अंचलाधिकारी का न होने पर भी चर्चा की गयी। बैठक कराने में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम और समाजसेवी सोनू इराकी का अहम योगदान रहा। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया संघ के जिला महासचिव महेश प्रसाद साव, बड़कागांव प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, केरेडारी बेलतू पंचायत के मुखिया जितनी देवी, लखींद्र ठाकुर, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, सोनू इराकी, रामसेवक महतो, रामचरित्र महतो, राजकुमार साव, मिथलेश कुमार, जनिसार आलम, रामकृपाल राणा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पुलिस ने लूटपाट कर भाग रहे दो आरोपियों को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। जिले के पेलावल थाना क्षेत्र स्थित कृष्णानगर उत्तरी शिवपुरी गली नं-17 के आगे एक सुनसान रास्ते में लूटपाट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में हजारीबाग जिले के पेलावल थाना क्षेत्र स्थित शिवपुरी कृष्णानगर गली नं-9 निवासी अभिषेक कुमार उर्फ छोटू और चतरा जिले के पत्थलगढ़ा थाना क्षेत्र स्थित पत्थलगढ़ा निवासी सूरज कुमार चंद्रवंशी का नाम शामिल है । आरोपी के पास से लूटी गयी बाइक, पर्स, मोबाइल और सोने का चेन बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की शाम पेलावल थाना क्षेत्र स्थित कृष्णानगर उत्तरी शिवपुरी गली नं-17 के आगे एक सुनसान रास्ते में एक व्यक्ति को दो तीन आदमी मिलकर मारपीट और लूटपाट की जानकारी पुलिस को मिली। सूचना पर पेलावल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पीड़ित चंदन कुमार ने पुलिस को बताया आरोपी लूटपाट कर भाग रहे है। पुलिस ओपी को खदेड़कर दबोचा और लूटे गये समान बरामद किया। दोनो आरोपी पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनो आरोपी को अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस आरोपी के खिलाफ रविवार को पेलावल थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है।

अनियमित जीवनशैली बिगाड़ रही है हड्डियों की सेहत: डॉ नीतीश प्रिया

आजाद सिपाही संवाददाता

झुमरीतिलैया। मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा और केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में जन सेवा के तहत निशुल्क हड्डी रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 80 लोगों ने अपना चेकअप कराया। मौके पर रांची से आये डॉ. नीतीश प्रिया ने प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया, सचिव सारिका लड्ढा, केयर हॉस्पिटल के प्रबंधक संजीव खेतान उर्फ लड्डू ने चिकित्सक को पौधा, प्रतीक चिंह सम्मानित किया। मौके पर डॉक्टर नीतीश प्रिया ने कहा कि अनियमित जीवन शैली उम्र के हिसाब से जोड़ों में दर्द और अन्य समस्याएं उत्पंन कर रही हैं। इन समस्याओं को नजरअंदाज करना आपको भारी पड़ सकता है। आजकल कम उम्र में भी लोगों को जोड़ों में दर्द, बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। कारण हमारी अनियमित दिनचर्या है। हमें अपने दिनचर्या में बदलाव करने की जरूरत है। सुबह-शाम की सैर, योग, व्यायाम, पौष्टिक आहार और जागरूकता हड्डी रोग से बचा सकते हैं। अगर शरीर को फिट रखना है तो आपको थोड़ा समय अपने फिटनेस के लिए देना होगा। कई बार विटामिन डी की कमी से भी जोड़ों में दर्द समस्या हो जा रही है। आपको लंबे समय से लगातार घुटनों में दर्द हो तो इसको लेकर लापरवाही ना बरतें और डॉक्टर से मिले। वहीं प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केड़िया और सचिव सारिका लड्ढा ने कहा कि 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अगर शरीर की हड्डियां ही नहीं होती तो हमें इतना रचनात्मक और सुंदर शरीर भी नहीं मिलता। हमारी हड्डियों में बहुत कठोर संरक्षण है, जो हमारी मांस पेशियों और त्वचा को सहारा प्रदान करती है। हमारी नसें, रक्त प्रवाह, फेफड़े आदि संकुचित हो जाते हैं। इसलिए नियमित रूप से समय-समय पर जांच करवाते रहनी चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में परियोजना निदेशक दीपा गुप्ता, उषा शर्मा, मीना हिसारिया, ज्योति परसरामपुरिया, पूनम सहल, मिनी हिसारिया आदि उपस्थित थीं।

जॉली छावड़ा के भक्ति गीत पर झूमे लोग

इचाक (आजाद सिपाही)। दरिया में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी और नवाह परायण महायज्ञ के सातवें दिन शनिवार की रात्रि गायक जॉली छावड़ा ने बेटा जो बुलाया मां को आना चाहिए के भक्ति गीतों में उपस्थित सभी लोगो को खूब झुमाया। इसके पूर्व यज्ञ समिति और मन्दिर निर्माण समिति के पदाधिकारियों और अतिथियों ने मंच पर श्री छावड़ा को उनके टीम में शामिल सभी कलाकारों को माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। माल्यर्पण के बाद सिंगर छावड़ा ने भक्तों के भीड़ में जाकर भीड़ को इस तरह बांधा कि लोगो को यज्ञ में देवी देवताओं की उपस्थिति का एहसास करवाते हुए रात्रि दो बजे तक भक्तों को भक्ति गीतों में लीन कर दिया। स्वागत कार्य मे भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, स्थानीय मुखिया बिना मेहता, यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, उपाध्यक्ष बीरबल मेहता, बसंत मेहता, सचिव लखन कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार मेहता, मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, सचिव सह मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद मेहता, जदयू नेता अर्जुन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, ओमप्रकाश मेहता, भाजपा के पूर्वी मण्डल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, मुख्य यजमान रामप्रकाश मेहता, बरकाखुर्द मुखिया सीता कुमारी, दरिया पंसस सारो देवी, डाड़ीघाघर मुखिया नंदकिशोर कुमार, छत्रधारि मेहता समेत कई उपस्थित थे।

डॉ जीशान खान आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर के मशहूर डेंटिस्ट डॉ जीशान खान को ऑस्ट्रेलियन क्रिकटर ब्रेट ली ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में मुंबई में आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया है। ये सम्मान समारोह, मुंबई के होटल ताज महल पैलेस में एक समारोह में किया गया। इस समारोह में देश विदेश से 80 डॉक्टरों को अलग अलग क्षेत्र से सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया था। समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ जीशान ने कहा कि मुख्य उद्देश्य दंत चिकित्सा में आने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करना है। डॉ जीशान ने कहा की शहरी क्षेत्रों में 40 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 57.7 प्रतिशत ने अपनी समस्या के लिए सरकारी स्थापित दंत चिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करते है। उन्होंने कहा की डेंटल कॉलेज अस्पताल और अधिकांश निजी डेंटल क्लीनिक शहर की सीमा के भीतर स्थित हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कम या वस्तुतः कोई दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने ने कहा की लगभग 30 प्रतिशत अध्ययन आबादी ने कभी भी दंत चिकित्सक का दौरा नहीं किया था। इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने डॉ जीशान को इस उपलब्धि पर बधाई दिया है।

सिविल सेवा परीक्षा में सफल गगन सम्मानित

चलकुसा (आजाद सिपाही)। यूपीएससी परीक्षा में 556 वां रैंक लाने वाले चलकुसा प्रखंड के अलगडीहा निवासी गगन वर्णवाल को बधाई देने विधायक अमित कुमार यादव उनके निवास स्थान पहुंचे। विधायक ने गगन को शॉल देकर सम्मानित किया और बुके देकर बधाई दी और परीक्षा के लिए उनकी तैयारियों और मेहनत पर चर्चा की। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि गगन ने ना सिर्फ चलकुसा प्रखंड क्षेत्र का नाम रौशन किया है, बल्कि वो क्षेत्र के नौजवानों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन गये हैं। गगन ने मेहनत और पढ़ाई के प्रति ईमानदारी से चलकुसा प्रखंड समेत हमारे विधानसभा क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। मौके पर गगन के माता पिता के अलाव कई लोग उपस्थित थे।

झुंड से बिछड़ा हाथी मचा रहा आतंक

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। हाथी गांव के अंदर आबादी वाले इलाका में घुसा जा रहा है। ग्राम डुमरडीहा के बाद शनिवार की रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे मरकच्चो प्रखंड के उत्तरी पंचायत स्थित ग्राम कन्हैया नगर पहुंच कर ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया कटहल और बांस को नुकसान पहुचाया। जिस समय हाथी कन्हैया नगर घुसा था ठीक उसी समय पपहरा निवासी शिबू यादव ब्लॉक चौक स्थित दवा दुकान को बंद कर मोटरसाइकिल से अपना घर जा रहे थे। 10 मीटर की दूरी से सड़क के बीचो-बीच हाथी देख मोटरसाइकिल पटक कर भाग कर एक घर में घुस अपनी जान बचायी। इसके बाद हाथी प्रखंड मुख्यालय के समीप विदेशी राम के घर का दरवाजा तोड़ा फिर कर्बला नगर पहुंचकर बाउंड्री तोड़ते हुए पावर हाउस के पास पहुंचा। पावर हाउस के पास हाथी ने पपाहरा निवासी रूपलाल यादव का होटल का खिड़की तोड़ उसमें रखे सामान को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गयी वन विभाग की टीम और ग्रामीणों ने रूपवा पटाखे छोड़कर हाथी बालाघाट की ओर कर दिया जहां से हाथी दरगाही में आंशिक नुकसान करते हुए आगे की ओर खदेड़ दिया।

भाकपा माले ने मोदी का पुतला फूंका

कोडरमा (आजाद सिपाही)। नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा नही करवाने के खिलाफ में भाकपा माले ने पिपचो बाजार में प्रतिवाद मार्च निकालकर पीपचो चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। माले ने रोष जताते हुए कहा की इससे साफ प्रतीत होता है की मोदी सरकार दलित और आदिवासी विरोधी सरकार है। कार्यक्रम राज्य कमेटी सदस्य मौहम्मद इब्राहिम, प्रखण्ड सचिव अशोक यादव, जिला कमेटी सदस्य असगर अंसारी, कुलेश्वर राणा, सलीम अंसारी, प्रखण्ड कमेटी सदस्य सहादत अंसारी, शारदा देवी, महफूज अंसारी, इस्लाम अंसारी, श्रीकांत ठाकुर, इसराइल खान आदि उपस्थित थे।

विद्युत कर्मियों के प्रयास से 56 घंटे बाद आयी बिजली

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। विद्युत विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार और बिजली मिस्त्रीयों के रात दिन मेहनत के बलबूते 56 घंटे बाद बड़कागांव प्रखंड का आसपास के क्षेत्र में बिजली बहाल हुई। जिससे लोगों को राहत मिली। गुरुवार को बेमौसम बारिश होने और अलनीनो तूफान आने के कारण बड़का गॉव प्रखंड और केरेडारी प्रखंड में लगभग 50 बिजली के खंभे टूट गये थे। इस कारण गुरुवार शाम से ही बिजली गुल हो गयी थी। एसडीओ सत्यदेव कुमार के नेतृत्व में रोहित सोनी नरसिंह सोनी, अजय कुमार, आशीष कुमार,दशरथ कुमार, योगेंद्र कुमार, बबलू कुमार, दीपक कुमार, सुरेश महतो, राजू महतो पप्पू कुमार, राहुल कुमार, अरविंद कुमार, पंकज कुमार के अथक प्रयास से बिजली के खंभे और तार सेट कर बिजली व्यवस्था किया गया। तब शनिवार की 10:30 बजे रात बिजली आयी। बड़कागांव के लोग विद्युत विभाग के सराहनीय कार्य को देखते हुए विभाग के प्रति साधुवाद जतायी।

सिरका में जदयू का मिलन समारोह आयोजित

कुजू। ग्राम सिरका में जदयू का मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी दुष्यन्त पटेल व जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो मौजूद रहे। समारोह के दौरान आजसू पार्टी को छोड़कर मनान खान के नेतृत्व में आये दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जदयू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। इस दौरान सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर रमाकांत पटेल, इम्तियाज अंसारी, उमेश साव, बालेश्वर तुरी, भूदेव महतो के अलावे सदस्यता ग्रहण करने वालो में जगदेव महतो, धनंजय महतो, चितरंजन महतो, उपेंद्र महतो, दिलीप करमाली, जयनाथ करमाली, निर्मल करमाली, नौसाद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, महेश भुइया, सोनू भुइया, पंकज कुमार, कौलेश्वर राम, केशव मुंडा, इम्तियाज अंसारी, बसमसाद खान, मोफिल खान, सागर खान, दानिश खान, कृष्णा भुइया, सहीद अंसारी, विक्की शर्मा, संतोष उरांव, उमेश मुंडा शामिल रहे।

16 जून को होनेवाले महाधिवेशन को लेकर केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी पहुंचे रजरप्पा

पुलिस की समस्याओं का समाधान करना ही है प्राथमिकता : योगेंद्र सिंह

रामगढ़ जिले के एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति की गयी तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आगामी 16 जून को होने वाले झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महाधिवेशन को लेकर केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी रविवार को रजरप्पा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। पूजा अर्चना के उपरांत रामगढ़ जिले के पुलिस लाइन में 18 डेलिगेट्स और एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी चुनावी योजना के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों को पुलिसकर्मियों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह व संचालन सचिव उमेश शर्मा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि आप सभी की एकता की वजह से ही झारखंड पुलिस एसोसिएशन पुलिस पदाधिकारियों की समस्याओं के निदान के लिए हर समय आप लोगों के साथ खड़ी है। उन्होंने आगामी 16 जून को होने वाले महाधिवेशन में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वहीं, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 19 सूत्री संकल्प पत्र भी जारी किया। इससे पूर्व रामगढ़ पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन सार्जेंट मेजर मंटू यादव ने की।

ये थे उपस्थित

इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडे, महताब आलम, महामंत्री अरविंद प्रसाद यादव संयुक्त सचिव अशोक कुमार तिवारी, श्रीकांत शर्मा, संगठन सचिव अंजनी यादव के अलावा रामगढ़ पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह, सचिव उमेश शर्मा, उपाध्यक्ष भूतनाथ सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष विश्वामित्र सिंह, अनंत सिंह, विनय कुमार, दिनेश सिंह, राजेश कुमार राय, उदय यादव, अभय कृष्ण गिरी, सीता मेहता, मालती कुमारी, राहुल सिंह, सुजीत सिंह, ललन कुमार, उपेंद्र सिंह सहित रामगढ़ पुलिस के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

गेरुआ नदी के तट पर बनेगा बस पड़ाव

टंडवा। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के अनुशंसा पर सीसीएल की आम्रपाली परियोजना जीएम ऐके सिंह ने त्वरित संज्ञान लेकर बस पड़ाव हेतु स्थलो पर कार्य कराने की प्रक्रिया तेज कर दिया है। टंडवा बाजार टांड में बस पड़ाव हेतु कहि भी स्थान नहीं होने के कारण बस यात्री पड़ाव गेरुआ नदी और चुन्दुरू धाम के नीचे के खाली सार्वजनिक भूमि का स्थल चयन किया गया। उसमें मिट्टी का लेवलिंग किये जाने को लेकर प्रबंधन के ओवरसियर द्वारा स्थल की जांच पूरी कर ली गयी है। ओवर बर्डन मिट्टी से सीसीएल की आम्रपाली प्रोजेक्ट द्वारा कार्य पूरा किया जायेगा। इससे बसो का रख रखाव एव यात्रियो के लिये उपयुक्त जगह स्थायी और सुगम हो जायेगा। इसको लेकर आम्रपाली परियोजना विद्यायक प्रतिनिधि महेश वर्मा ने विधायक द्वारा अनुशंसा पत्र जीएम को सौंपा। जिसमे त्वरित निर्णय लेते हुये जीएम अमरेश कुमार सिंह बस पड़ाव हेतु कार्य प्रारंभ करने की गति तेज कर दी। इसकी जानकारी परियोजना विधायक प्रतिनिधि महेश वर्मा ने दिया।

ओरला में 4 जून को मनेगा मंडा पर्व, हुई बैठक

कुजू। शिव मंदिर ओरला के प्रांगण में मंडा पर्व मनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरिशंकर प्रसाद साहू ने की। बैठक में आगामी 4 जून को मंडा पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष अशोक यादव, सचिव उमेश करमाली, सह सचिव अकलेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष निर्मल करमाली, सह कोषाध्यक्ष देवनंद विश्वकर्मा, वहीं, संरक्षक में हरिशंकर प्रसाद, शंकर प्रसाद, सारथी मुंडा, मदन मुंडा कैलाश करमाली, बसन्त प्रसाद के अलावे कई कार्यकारिणी सदस्यों का मनोनयन किया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी नौ दिवसीय यज्ञ हवन, पूर्णाहुति और भंडारा के साथ संपन्न

भुरकुंडा। श्रीश्री 1008 श्री गुरू खेपा बाबा जी महाराज के सानिध्य में थाना मैदान भुरकुंडा में चल रहे नौ दिवसीय श्रीश्री सहस्त्र महाचंडी यज्ञ रविवार को हवन, पूणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। रविवार को यज्ञाचार्य आचार्य सत्येन्द्र गर्ग, राधेश्याम दूबे, राघव पंडित, ब्रजभूषण तिवारी और आयुष पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन, पुणार्हुति सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। सुबह महिला पुरूष श्रद्धालु भक्तजनों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। यज्ञ में बतौर यजमान कृष्णा साव, पत्नी लालती देवी, फुलचंद गंझू पत्नी प्रीति देवी शामिल थीं। यज्ञ को सफल बनाने में सुदीप सरकार, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उमेश प्रसाद, मनोहर जोशी, गौतम नारायण बोस, रविन्द्र नारायण बोस, आनंद महतो, सत्यनारायण दांगी, दयानंद कुमार पात्रा, सागर सिन्हा, राहुल मंडल, ललन प्रसाद, प्रदीप मांझी, अजय पासवान, सुभाष दास, जगदीश राणा, विनय सिंह, आकाश दास, बसंती देवी, शीला देवी, रेशमी कुमारी, विजया रानी बोस, राजकुमार तुरी, सुमंती देवी, गीता देवी, उर्मिला देवी, राखी देवी, रेखा देवी, दीक्षा कुमारी, रूपा देवी, डॉली कुमारी, पिंकी कुमारी, नीलू कुमारी, आशा देवी, देवानंद महतो, पुतुल दास, उमेश दास, पेरो देवी, सुभाष कुजूर, नीतु देवी, अनिता देवी, अशोक राय, शशि भूषण, रामाकांत दूबे, श्रीनिवास अग्रवाल, देवकांत पंडित, सुधीर दूबे, विजय सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थें।

चूंदुरु धाम सूर्य मंदिर का 22वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। भगवान भास्कर सूर्य मंदिर चुन्दुरू धाम टंडवा में शनिवार देर संध्या 22वां वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। इस वार्षिकोत्सव को पूर्व से भव्य एव दिव्य रूप से मानाने को लेकर मंदिर परिसर में विधुत साज सज्जा, फूल माला से आकर्षक रूप से सजाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष मिथलेश कुमार गुप्ता अजमान बन सपरिवार पूजा अर्चना एव हवन किया। तथा टंडवा प्रखण्ड समेत आस पास के लोगो के लिये सुख शांति वैभव से भरे रहे इसका कामना किया। समारोह के मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास को समिति के लोगों में अंग वस्त्र देकर समान्नित किया। अपने संबोधन में विधायक श्री दास ने श्रद्धालुओं से कहा की मंदिर बहुत शीघ्र बनेगी। जिसका लागत 2 करोड़ की होगी। इसके अलावे मन्दिर परिसर में कई कार्य होंगे। उन्होंने समिति को हर संभव मदद करने की बात कहि। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण चुन्दुरू धाम की विहंगम छटा में सूर्य मंदिर की वार्षिकोत्सव, महाआरती में शामिल होकर महा प्रसाद का ग्रहण किया।चुन्दुरू धाम की स्थापना 1970 ई.की गयी थी। उस समय अति गरीबी समय के कारण 2001 ई.सूर्य मंदिर निर्माण पूरा किया गया। इसी वर्ष सूर्य भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कर मंदिर का शुभारंभ किया गया। उस समय से लगातार सूर्य मंदिर की वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। सूर्य मंदिर समिति ने सूर्य मंदिर को नये रूप से मंदिर नव निर्माण का फैसला दो माह पूर्व ली है। जिसकी तैयारि में अपार श्रद्धा दान की परिचय देते हुये समिति की कोष में 25 लाख रुपया दान दाताओ ने देने की घोषणा किया है। पूजा अर्चना मंदिर के पुजारी ईश्वरी पाठक तथा दिगंबर पाठक ने करायी।

टंडवा में दो बाइक चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। थाना क्षेत्र के गांव वीरवीर का अमित कुमार, गांव जमुनिया टांड मनोज कुमार यादव को टंडवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह दोनों अभियुक्त मोटरसाइकिल चोरी कर गैरेज में रीमॉडलिंग कर बेचने का कार्य करते थे। बीते 23 मई को मिश्रौल बाजार से अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा धनगडा बुकरु के जितेंद्र साहू के स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल की चोरी हुयी थी। उक्त संबंध में अज्ञात के विरुद्ध टंडवा थाना में कांड संख्या 104/2023 धारा 379 प्रतिवेदित था। उक्त कांड का गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी टंडवा के निदेर्शानुसार छापामारी टीम का गठन किया गया। उस टीम ने कांड में शामिल अपराध कर्मियों के विरूद्ध गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर कांड में चोरी हुयी मोटरसाइकिल के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। एवं एक विधि विरुद्ध बालक को निरूद्ध किया गया। एक निरूद्ध किये गये बालक पिछले वर्ष बड़कागांव थाना से मोटरसाइकिल चोरी में जेल जा चुका है। प्राथमिकी अभियुक्त अमित कुमार का धनगड़ा चौक में मोटरसाइकिल गैरेज है। जो गाड़ियों को रिमोडलिंग कर दूसरे को बेचने का काम करता था। छापामारी में एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। तथा अमित कुमार उम्र 21 वर्ष पिता चितलाल साव बीरबीर थाना टंडवा, मनोज कुमार यादव उर्फ मनोज यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिताजी चिगल यादव खरीका टोला जमुनिया टांड थाना थाना टंडवा के निवासी है। इसमें एक 17 वर्ष के निरुद्ध बालक का नाम शामिल है। उक्त जानकारी थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर दिया। छापेमारी दल में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, पु.अ.नि.रोहित यादव, पु.अ.नि. अशोक कुमार, स.अ.नि. चंद्रमौलेश्वर कुमार एव सशस्त्र बल शामिल थे।

तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन प्रतिमा का हुआ नगर भ्रमण

भुरकुंडा। जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित श्रीश्री 1008 पगला बाबा सेवा आश्रम में चल रहें तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दुसरे दिन रविवार को गाजे बाजे के साथ प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान पगला आश्रम, जवाहरनगर, थाना चैक सहित अन्य कॉलोनियों में प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार मिश्र ने पूरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 33 कोटी देवताओं का आह्वान, स्थल पुजन, अधिवास, शच्याधिवास सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। नगर भ्रमण के दौरान लोगोंके जय श्रीराम, जय माता सीता, जय हनुमान सहित अन्य अराध्य देवी देवताओ के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। पूजा अर्चना मे बतौर यजमान मनोज सिंह सपत्नी सुमन सिंह शामिल थें। सोमवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, आवाहित, देवी देवताओं का पूजन, हवन, पूणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ संपन्न होगा। नगर भ्रमण मे भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, यदुनंदन विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, रामसकल सिंह, शशि भुषण स्वर्णकार, अनिता वर्मा, शिवशंकर सिंह, राधिका सिंह, कामेश्वर मेहता, बबलु प्रसाद, अजीत कुमार, पंकज कुमार, मथुरा साव सहित दर्जनों महिला पुरूष शामिल थे।

महासंस्कार अभियान को लेकर दुलमी में भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। भारतीय जनता पार्टी दुलमी मंडल कार्यसमिति कि बैठक दुलमी बजार में किया गया इस बैठक कि अध्यक्षता दुलमी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने किया और संचालन मंडल मंत्री खिरोधर ठाकुर ने किया इस कार्यक्रम कि शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कि गयी। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में देश में बेहतर सुशासन के रूप पर 9 वर्ष होने पर पार्टी के द्वारा महा संस्कार अभियान 30 मई से 30 जून तक कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभी तक जो भी केंद्र के योजना के काम हुआ है उसे जनता को बताना है इसके लिए एक टोली बनायीं गयी है। वह बूथ बूथ पर जन संपर्क कर मोदी की योजना बाताईगी और आजीवन सहयोग निधि रुप में अपने बिचार धाराओं को लोगो से भाजपा के सदस्यों से सहयोग के रूप में पर लेना है साथ ही 2024 में लोग सभा और विधान सभा चुनाव में कमल खिलाना काम करना है। मौके पर मंडल उपाध्यक्ष सरिता देवी मंडल कोषाध्यक्ष प्रदीपकुमार जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा ऐसान अंसारी मंडल शोसल मेड़िया प्रभारी उत्तम कुमार पुर्व मंडल अध्यक्ष मच्छेंद्र महतो यूवा मोर्चा बलराम महतो ओबीसी मोर्चा प्रभाष महतो एसटी मोर्चा द्वारिका करमाली किसान मोर्चा श्याम किशोर महतो, बाल्मिकी पहचान, भीम महतो, रमेश कुमार सुरेश कुमार, सहदेव ठाकुर, रबिंद्रनाथ कुमार चुरामन महतो, अमर लाल शहीद दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

जैक इंटर सांइस की स्टेट टॉपर को सिविल सर्जन ने किया सम्मानित

दिव्या राज्य के साथ देश का भी नाम रौशन करेगी : प्रभात कुमार

उन्होंने दिव्या के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

स्टेट टॉपर दिव्या को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार।

रामगढ़। जैक इंटर सांइस के स्टेट टॉपर दिव्या व उसके माता-पिता को शनिवार की देर शाम जिले के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने उनके विकास नगर स्थित आवार जाकर सम्मानित किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने दिव्या को फूलों का गुच्छा व मोमेंटों के आगे की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग राशि भी दिये। साथ ही उनके माता-पिता व शिक्षिको को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि दिव्या ने जैक इंटर साइंस की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम रौशन किया है। उन्होंने दिव्या के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर छात्रा दिव्या कुमारी की मां कुसुम देवी, पिता असलोक बिहारी रामा, भाई गौरव वर्मा व शिक्षिका चंदा सिन्हा, ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार को बताया कि इंटर की पढ़ाई के दौरान संघर्ष कर वे, कैसे बिना ट्यूशन के पास हुई। मौके पर आजसू नेता नीरज मंडल, संजय बनारसी, मनोज कुमार सिंह, रंगनाथ तिवारी, रामबदन सिंह, राजू वर्मा, अनुराग कुमार सिंह, सहित कई लोग शामिल थे।

ट्रेन की चपेट में आने से एक दर्जन मवेशी की मौत, ग्रामीणों ने की मुआवजा की मांग

कुजू। कोडरमा से बरकाकाना जा रही यात्री ट्रेन की चपेट में आकर ग्राम बहेराटांड के पास रविवार को गधा समेत बारह मवेशी की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गयी। जानकारी के अनुसार, करीब 10 बजे कोडरमा से बरकाकाना जाने वाली यात्री ट्रेन कुजू रेलवे स्टेशन से निकली, जो तीन किलोमीटर दूर बहेराटांड के समीप पोल संख्या 124/13 से लेकर 124/23 के पास चर रहे मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही सभी मवेशियों की मौत हो गई। सभी मवेशी इंजन में फंसने के कारण दूर तक घिसटाते हुए चले गये और दूर जा गिरे। ग्रामीणों के अनुसार, तिलैया छोटका टोला के रहने वाले ग्रामीण अशोक बेदिया के दो मृत मवेशी, जबकि शंकर बेदिया के दो, अर्जुन बेदिया के एक, श्रवण मांझी के एक, बालेश्वर मुंडा के एक, शशि महतो के एक, संतोष महतो के एक, रमेश महतो के दो व एक अन्य ग्रामीण के मवेशी के अलावा पास के चिमनी भट्ठा में ईट ढुलाई करने वाले एक गधे की मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि बहेराटांड़ के पास घुमावदार रेल लाइन होने व चालक द्वारा हॉर्न न बजाने की वजह से सभी जानवर रेलवे लाइन के किनारे ही चरते रहे। जिससे ट्रेन की चपेट में आ गये। ग्रामीणों ने स्टेशन प्रबंधक को मवेशियों के ट्रेन से कटकर हुई मौत की जानकारी देते हुए मुआवजा की गुहार लगाई है। साथ ही रेलवे लाइन के पास घेराबंदी करने का आग्रह किया है।

रांची रोड में मल्टी स्पेशलिस्ट आजम हॉस्पिटल का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शुभारंभ

अस्पताल के खुलने से यहां के लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा : सुनीता

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के रांची रोड में रविवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मल्टी स्पेशलिस्ट आजम हॉस्पीटल का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक सुनीता चौधरी ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व विधायक सुनीता चौधरी के आगमन पर हॉस्पिटल के संचालक डॉ आर आजम और डॉ एम फातिमा ने बुके देकर स्वागत किया। अस्पताल के उदघाटन के बाद विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोगों को बेहतर इलाज मिलेगी। बीमार होने पर लोग रांची या अन्यत्र जाने से बचेंगे।

उद्घाटन समारोह में ये थे उपस्थित

उद्घाटन समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, गोपाल चौधरी, डॉ देववाला प्रियदर्शी, डॉ ऋतुराज, डॉ रवींद्र कुमार, डॉ अजय कुमार मिश्रा, बार एसोसिएशन के महासचिव सीताराम, अशोक सिंह, ड्रग एसोसिएशन के मनोज अग्रवाल सुरेश साव, सुरेंद्र महतो, गुड्डू सिंह, नीरज मंडल, संजय बनारसी, राकेश सिन्हा, संदीप शर्मा, अख्तर आलम, अनुज तिवारी, अधिवक्ता नौशाद आलम सहित शहर के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

मरीजों को हॉस्पिटल में मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा : डॉ आर आजम

उदघाटन समारोह में आये लोगों को संबोधित करते हुए अस्पताल के निदेशक डॉ आर आजम ने कहा कि उक्त मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पीटल में मरीजों को सभी प्रकार की सर्जरी के अलावे गर्भवती माताओं का इलाज महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ एम फातिमा द्वारा किया जायेगा।

महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग बोर्ड स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन

भुरकुंडा। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस द्वारा संचालित कैरियर काउंसलिंग बोर्ड स्कॉलरशिप टेस्ट 2023 के दूसरे चरण के परीक्षा का रविवार को बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय देवरिया बरगांवा में आयोजन हुआ। स्कोलरशिफ टेस्ट में 10वीं, 12वीं व स्नातक कक्षा में उतीर्ण हुए करीब 100 विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान पहले चरण के स्कोलरशिफ टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए बच्चों का रांची के कैरियर काउंसलिंग बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. एसएस सिंह, सत्यम सिन्हा एवं शिक्षक विक्रम द्वारा कांउसलिंग भी किया गया। इसमें 30 विद्यार्थी शामिल हुए। कांउसलिंग में बच्चों को 10वीं और 12वीं के बाद के कोर्स के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। साथ ही बच्चों को स्कॉलरशिप के आधार पर उनका विभिन्न कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया के बावत जानकारी दी गयी। मौके पर कुमार क्लासेस के डायरेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि इस तरह के स्कॉलरशिप परीक्षा से गरीब छात्रों को पढ़ाई में काफी मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि इस बार के स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा में शामिल हुए बच्चों का भी जल्द कांउसलिंग किया जायेगा। और उनका नामांकन स्कॉलरशिप के आधार पर कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह टेस्ट बच्चों के आगे की पढ़ाई में आर्थिक मदद मिलती है। टेस्ट को सफल बनाने में शिक्षक संतोष कुमार, फरहत आरा, शिवांगी गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा।

सिखों के लिए न्याय का उदय

वर्ष 2014 में, जब भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता में आयी, तीन दशकों से अधिक समय से दर्दनाक प्रतीक्षा के बाद न्याय की उम्मीद जगी। जांचों ने रफ्तार पकड़ी, जिसके परिणामस्वरूप सज्जन कुमार को सजा सुनायी गयी, वहीं कांग्रेस सांसद जिन पर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी मुकद्दमा भी नहीं चलाना चाहते थे। मई 2019 में होशियारपुर में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सिख विरोधी दंगों को एक वीभत्स नरसंहार करार दिया। सिख संगठन बड़े लंबे समय से नवम्बर 1984 की दिल्ली सिख विरोधी हिंसा को नरसंहार के रूप में पहचान दिलाना चाहते थे, जिसे पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा महज दंगे बता कर दर-किनार कर दिया जाता था। भीड़ को सिखों को मारने के लिए उकसाने हेतु 2018 में दिल्ली हाइकोर्ट द्वारा सज्जन कुमार को सजा सुनाने तथा हाल ही में सीबीआइ द्वारा जगदीश टाइटलर के खिलाफ चार्जशीट पेश करना नवम्बर 1984 के पीड़ितों के लिए न्याय की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण पल है। इन घटनाक्रमों को कांग्रेस के सत्तासीन होने के समय के साथ तुलना करके देखा जाना चाहिए। इसे वर्तमान मोदी सरकार द्वारा दोषियों को न्याय के तले लाने तथा लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे को सुलझाने के तौर पर भी देखा जाना चाहिए, जो प्रत्येक सिख की भावनात्मक तारों को छूता है। दिलचस्प बात यह है कि जो आवाजें धार्मिक अल्पसंख्यकों के हितों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के विरुद्ध उड़ती थीं, हमेशा चुप हो जातीं जब भी मोदी सरकार सिखों के हितों की रक्षा करती। किसी भी संगठन ने अभी तक नवंबर 1984 की सिख विरोधी हिंसा के आरोपियों को सजा दिलाने में इसकी व्यावसायिक तथा कुशलता के लिए सरकार की कार्रवाई की प्रशंसा नहीं की है। दुर्भाग्य से इस नैरेटिव को उन शक्तियों द्वारा हाईजैक कर लिया गया, जो नफरत तथा नकारात्मकता पर फलती-फूलती है। ऐसा दिखायी देता है कि नरेंद्र मोदी को गालियां देने तथा अनुचित तरीके से आलोचना करना कुछ लोगों के लिए एक धंधा बन गया है। इस उद्योग से उनकी रोजी-रोटी चल रही है। ऐसा दिखायी देता है कि कुछ लोगों के इस पाखंडी व्यवहार से विचलित हुए बिना मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास के अपने रास्ते पर चलना जारी रखेगी। विश्व भर में सिखों को मोदी सरकार से बहुत आशाएं हैं कि इसने जो शुरू किया है, उसे समाप्त करेगी। बिना और देरी के दोषियों को कानून की ताकत का सामना करना चाहिए। नवंबर 1984 में बचे लोगों को इसके समाप्त होने की प्रतीक्षा है, क्योंकि उनके प्रियजनों की दर्दनाक चीखें अभी भी उनके कानों में गूंजती हैं।

किसी भी संगठन ने अभी तक नवंबर 1984 की सिख विरोधी हिंसा के आरोपियों को सजा दिलाने में इसकी व्यावसायिक तथा कुशलता के लिए सरकार की कार्रवाई की प्रशंसा नहीं की है।

अभिमत
आजाद सिपाही

गारंटियों का उद्देश्य कल्याणकारी है। इसके तहत, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि (1) सहायता उस व्यक्ति को जाए जिसे सख्त जरूरत है (जो गरीब या बहुत गरीब है); (2) यह एक 'सीमित अवधि' के लिए दी जानी चाहिए, जिसके बाद उसे अपने दम पर खड़ा होना चाहिए और (3) योजना को इस तरह से वित्त पोषित किया जाना चाहिए कि यह बजटीय स्थिति को अस्थिर न करे।

'मुफ्तखोरी' का सिलसिला कब तक चलता रहेगा

उत्तम गुप्ता

कर्नाटक में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में, सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में 5 गारंटियां देने का वादा किया था- गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, सखी कार्यक्रम, युवा निधि और अन्ना भाग्य। सवाल यह है कि क्या करदाताओं का इतना पैसा खर्च करना उचित है?

गारंटियों का उद्देश्य कल्याणकारी है। इसके तहत, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि (1) सहायता उस व्यक्ति को जाए जिसे सख्त जरूरत है (जो गरीब या बहुत गरीब है); (2) यह एक 'सीमित अवधि' के लिए दी जानी चाहिए, जिसके बाद उसे अपने दम पर खड़ा होना चाहिए और (3) योजना को इस तरह से वित्त पोषित किया जाना चाहिए कि यह बजटीय स्थिति को अस्थिर न करे।

गृह ज्योति के तहत, कांग्रेस राज्य में हर एक घर के लिए एक महीने में 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा करती है। यह योजना लंबे समय तक राज्य के खजाने पर 'अनावश्यक' बोझ डालेगी। यह बिजली वितरण कंपनियों के वित्त पर भी दबाव डालेगी।

गृह ज्योति के तहत, कांग्रेस राज्य में हर एक घर के लिए एक महीने में 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया है।

गृह लक्ष्मी के तहत घर की हर महिला मुखिया को 2000 रुपये महीना मिलेंगे। घोषणा पत्र के अनुसार, एक अरबपति महिला भी पात्र है। इस तरह से पैसा बांटना दुर्लभ संसाधनों की सरासर बर्बादी है।

महिला सशक्तिकरण का विचार ठीक है, लेकिन हमें संदर्भ नहीं भूलना चाहिए।

वोट बटोरने के लिए जनता के पैसे का उपयोग करके कांग्रेस द्वारा वितरित इन लाभों को आम बोलचाल में 'मुफ्त उपहार' के रूप में जाना जाता है। इस खतरे ने अधिकांश राजनीतिक दलों को जकड़ लिया है, जो चुनाव जीतने की कुंजी के रूप में मुफ्त उपहारों का उपयोग करते हैं।

पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं के लिए, जहां गरीबों के लिए घर बनाये जाते हैं और स्वामित्व महिला मुखिया के पास होता है, यह समझ में आता है लेकिन सभी को पैसा देना और फिर महिला सशक्तिकरण का बिगुल फूंकना हास्यास्पद लगता है। सखी कार्यक्रम के तहत कर्नाटक में सभी महिलाओं को यात्रा करने के लिए मुफ्त बस टिकट प्रदान किया जाता है, भी उसी बेहूदगी से ग्रस्त है।

युवा निधि के तहत सरकार बेरोजगार स्नातकों को 3,000 रुपये और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को हर महीने 1,500 रुपये का भुगतान करके कर्नाटक के युवाओं को 2 साल तक सहायता प्रदान करेगी। लेकिन, यदि एक बेरोजगार युवक एक अमीर परिवार से संबंधित है, जो कठिन समय के दौरान उसकी देखभाल कर सकता है, तो राज्य के समर्थन की कोई आवश्यकता नहीं। अन्ना भाग्य के तहत, कांग्रेस ने बीपीएल परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 10 किलो चावल देने का वादा किया है। ऐसे परिवारों को पहले से ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम या एनएफएसए (2013) के तहत प्रति व्यक्ति प्रति माह 7 किलो भोजन मिल रहा है।

इन गारंटियों को भुनाने पर प्रति वर्ष लगभग 62,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जोकि 2022-23 के दौरान राज्यों के राजकोषीय घाटे या एफडी के 60,500 करोड़ रुपये से भी अधिक है। जब तक किसी मद में खर्च में कटौती नहीं होती या समतुल्य राशि की प्राप्ति में वृद्धि नहीं होती, तब तक एफडी. 122,500 करोड़ रुपये होगा। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (एसजीडीपी) के हिस्से के रूप में अभिव्यक्त यह राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम के तहत निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के मुकाबले 5 प्रतिशत से अधिक होगा।

वोट बटोरने के लिए जनता के पैसे का उपयोग करके कांग्रेस द्वारा वितरित इन लाभों को आम बोलचाल में 'मुफ्त उपहार' के रूप में जाना जाता है। इस खतरे ने अधिकांश राजनीतिक दलों को जकड़ लिया है, जो चुनाव जीतने की कुंजी के रूप में मुफ्त उपहारों का उपयोग करते हैं।

क्या इस खतरे पर लगाम लगाने का कोई तरीका है

देखा गया है कि मुफ्त उपहारों का वितरण 'काफी हद तक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की जड़ को हिला देता है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि चुनाव घोषणापत्र में वादों को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम या किसी अन्य प्रचलित कानून के तहत 'भ्रष्ट आचरण' के रूप में नहीं माना जा सकता और इसलिए, जब सत्ताधारी दल इसका उपयोग करता है, तो मुफ्त के वितरण को रोका नहीं जा सकता। इसी क्रम में, इसने भारत के चुनाव आयोग (इसीआइ) को 'दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया, जो सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के चुनाव घोषणापत्र की सामग्री को नियंत्रित कर सके। हालांकि इसीआइ ने कभी भी ऐसा कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया।

लंबे अंतराल के बाद, 25 जनवरी, 2022 को 'मुफ्त उपहार' के खिलाफ निर्देश मांगने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'यह निःसंदेह एक गंभीर मुद्दा है। मुफ्त का बजट नियमित बजट से ऊपर जा रहा है। यह खेल के स्तर को बिगाड़ता है'। इसकी चिंता इस बार 2013 की तुलना में अधिक तीव्र थी। लेकिन कार्रवाई का क्या?

3 अगस्त, 2022 को, सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों से मुफ्तखोरी पर अंकुश लगाने के लिए एक कानून बनाने के लिए कहा, लेकिन उसके द्वारा गठित एक समिति द्वारा सभी पेशेवरों और विपक्षों की जांच के बाद ही। लेकिन, अधिकांश राजनीतिक दल नहीं चाहते कि मुफ्त की चीजें चली जाएं। लगता है, भारत को सदा के लिए इस खतरे के साथ जीना पड़ेगा।

जमशेदपुर की खबरें

भाजयुमो गोलमुरी मंडल की कार्यसमिति की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भाजयूमो गोलमुरी मंडल के कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष नवजोत सिंह सोहल के नेतृत्व में आयोजित की गई। रविवार को बैठक के दौरान देश मे मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल पूरे होने पर एक माह तक क्षेत्र में सेवा व समर्पण के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया। बैठेक में भारतीय जनता पार्टी में शामिल युवाओं की भूमिका ऊपर मुख्य रूप से चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान, जिला कार्यालय मंत्री सह मंडल प्रभारी सनी संघी महामंत्री अमरेंदर कुमार ,वरीय उपाध्यक्ष पप्पू कुमार ,राकेश गिरी, मंत्री हनी परिहार, कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार पप्पू, सोशल मीडिया प्रभारी शेखर पांडे,अरनव दास, पीयूष ईशु ,पीयूष पॉल, कुशाल शर्मा, राहुल कुमार ,अरुण डे, दीपक बारिक, जसविंदर सिंह, राहुल और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक ने विधवा को दिया साढ़े नौ लाख का मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

चांडिल। चांडिल के वनराज स्टील (बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड) में बीते 27 अप्रैल को कंपनी में ड्यूटी के दौरान इलेक्ट्रीशियन ठेकाकर्मी लखीराम मार्डी की मौत ह्रदय गति रूकने से हो गई थी। विरोध में ग्रामीणों ने 28 अप्रैल को कंपनी का गेट जाम कर मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा,घर के सदस्य को स्थाई नौकरी, बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने की मांग की थी। त्रिपक्षीय वार्ता में कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतक के आश्रित को साढ़े दस लाख रुपये मुआवजा बात पर सहमति बनी थी। रविवार को कंपनी प्रबंधन की ओर से मृतक के घर छोटालाखा पहुंच कर विधायक सविता महतो के हांथो मुआवजा के बकाया बचे साढ़े नौ लाख रुपये का चेक मृतक के पत्नी को सौपा। इस दौरान कंपनी प्रबंधन की ओर से बाकि सात लाख रुपये पीएफ व तीन लाख रुपये ईएसआई और मृतक के बच्चे को डीएमपीएस स्कूल में पचास प्रतिशत फीस देनऔर मृतक की पत्नी को ईएसआई की ओर से साढ़े 18 हजार रुपया आजीवन पेंशन प्रत्येक माह जल्द दिलाने कि बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मामा झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, सुखराम हेंब्रोम, अरुण टुडू, कंपनी प्रतिनिधि चंद्र भूषण शर्मा, रोहित कुमार, डी एल कम्पनी के निदेशक रवि कुमार, मनोज तिवारी पंच ग्राम बिस्थापित प्रभावित समिति के अध्यक्ष जग्गन्नाथ मांझी, सचिव आसुतोष बेसरा,अरुण टुडू आदि उपस्थित रहे।

नये संसद भवन के लोकार्पण पर पूर्व सीएम ने प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। आजाद भारत में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला संसद भवन देश को समर्पित की। रविवार को पारंपरिक परिधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नये संसद भवन का उद्घाटन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक क्षण बताया। वही भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भारतीय संस्कृति और वास्तुकला से सुसज्जित भव्य और आकर्षक लोकतंत्र का मंदिर देश को देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता की ओर से बधाई देते हुए जोहार किया। उन्होंने कहा आने वाली पीढ़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रचनात्मक और दृढ़ निश्चय स्वभाव पर निश्चित रूप से गर्व करेगी। किसी सरकार और आम व्यक्तित्व से इतने कम समय में इतना भव्य और दिव्य एतिहासिक निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती। महान देशभक्त विनायक दामोदर वीर सावरकर की जयंती पर देश को यह भेंट मिली। एक देशभक्त को यह सच्ची श्रद्धांजली है। पूर्व सीएम रघुवर दास ने लोकतंत्र के मंदिर के निर्माण में जुटे हजारों मजदूरों और कर्मचारियों को भी बधाई दी। उन्होंने झारखंड के राम मुर्मू को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए पीएम मोदी के हाथों सम्मान मिलने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

साकची हाथी घोड़ा मंदिर के पास से स्कूटी चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बागबेड़ा मधुसुधन विला निवासी नंदू गगराई बीते रात मानगो जाने के क्रम में हाथी घोड़ा मंदिर के सामने सड़क किनारे लघुसंका करने के लिए गाड़ी रोका। उसी दौरान दो युवक गाड़ी का चाभी निकालने लगे, विरोध करने पर थमाकौल कटिंग करने वाला चाकू निकाल कर चलाने लगा और मौके पर स्कूटी लेकर नदी के तरफ भाग निकले। गाड़ी मालिक ने गांधी घाट तक पीछा किया लेकिन चोर भागने में सफल रहे।

मौके पर उन्होंने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन के लिए आग्रह किया। उन्होंने बताया ब्लू कलर की स्कूटी जे एच 05 सी डबल्यू 4705 के साथ गाड़ी के डिक्की में ओप्पो का फोन, तीन क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड और कुछ कागजात है।

भारतीय झारखंड पार्टी ने किया जनसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। अखिल भारतीय झारखंड पार्टी बोड़ाम प्रखंड कमिटी के द्वारा भुला मोड़ में जन सभा का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष जादव राय की अध्यक्षता में की गई। रविवार को आयोजित जनसभा में क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुये। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष गणेश टुडू कहा क्षेत्र की समस्या का समाधान करना पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का आंदोलन के परिणाम से बना झारखंड में झारखंडियों को उनका अधिकार नहीं मिला। झारखंड में लूट की छूट मची है। बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष यादव राय ने कहा झारखंड को सजाने और सवरना हमारा दायित्व है। झारखंड की भोली भाली जनता को बाहरी लूटने का काम कर रहे हैं। वर्तमान राज्य सरकार बाहरियों को दे रहा सुविधा। उन्होंने कहा जुगसलाई विधानसभा की जनता सभी दलों को आगामी चुनाव में बाहर का रास्ता दिखाकर अखिल भारतीय झारखंड पार्टी के प्रत्यासी को चुनकर सेवा का मौका देगी। मौके पर बोड़ाम प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी का सदस्यता ग्रहण करने वाले युवाओं का केंद्रीय अध्यक्ष ने माला पहनकर स्वागत किया। सभा में केंद्रीय अध्यक्ष गणेश टुडू, जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ,प्रखंड अध्यक्ष यादव राय,अजीत टुडू, हबलू कुमार बेरा,जॉन कच्छप, विजय दास,नेलशन तिर्की ,लक्ष्मी रानी महतो,बलराम महतो सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होते ही आम लोगों की बढ़ने लगी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निकायों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आम लोगों की जरूरी दस्तावेजों को लेकर परेशानी बढ़ने लगी है। वही पूर्व पार्षदों के द्वारा वेरिफिकेशन कराने में भी असुविधा होने लगी है। उधर आदित्यपुर नगर निगम में अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति होने के बाद भी उसकी गोपनीयता रखी गयी। शनिवार को आम लोगों की परेशानियों को देखते हुए आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह व टीमसी नेता बाबू तांती ने चाईबासा के तर्ज पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की मांग की थी। वही नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 4 मई को अपर नगर आयुक्त ने सभी वार्डों के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी। जिसे सार्वजनिक न कर कागजों तक सीमित रख दिया गया, जिसके वजह से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। आदेश में साफ निर्देश दिया गया है कि प्रतिनियुक्ति स्थल पर वार्ड के अनुसार नागरिक सुविधा और पंजी का संधारण करेंगे। साथ ही आम नागरिक से प्राप्त आवेदन को पंजीकृत कर अनुशंसा के साथ कार्यालय को अग्रेसित करेंगे। साथ ही कार्य में उस वार्ड के इच्छुक नागरिक और पूर्व पार्षद का सहयोग प्राप्त करेंगे, लेकिन इसकी जानकारी आम नागरिकों को नहीं है न ही प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और सहयोगी चिन्हित स्थल पर अपनी सेवा दे रहे हैं। ऐसे में जनता के जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, वंशावली के वेरिफिकेशन के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वही प्रतिनियुक्त अधिकारी और सहयोगी मौन धारण कर हैं।

महत्वपूर्ण न्यूज

केतार के अंजनिया गांव में प्रेमिका अपने प्रेमी के घर के बाहर दे रही है धरना

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अंजनिया गांव में विनय सिंह, पिता नंदकेशर सिंह के दरवाजे पर शनिवार को शाम 4:00 बजे निशा कुमारी (काल्पनिक नाम) अपने कथित प्रेमी के घर पहुंच धरना पर बैठ गई है। जब लड़की अपने प्रेमी के घर पहुंची, तब प्रेमी घर पर नहीं मिला। लड़की बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के भोजपुर की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व यह लड़की विनय सिंह के घर आई थी। जिसे विनय सिंह के परिजनों ने केतार पुलिस को सौंपा था। केतार पुलिस ने पूछताछ की, पर लड़की के द्वारा सही जानकारी नहीं देने के कारण लड़की को परिजनों को सौंप दिया। पुनः शनिवार को लड़की कथित प्रेमी के यहां आकर धरने पर बैठ गई है। लड़की कुछ साफ-साफ नहीं बता पा रही है। कभी लड़की कहती है कि विनय सिंह के साथ छह माह पूर्व शादी के बंधन में बंधी थी। लड़की के द्वारा कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं लड़की के पिता नंदकेशर सिंह ने इस मामले में पूछे जाने पर बताया कि इस बारे में हम लोगों को कुछ पता नहीं है। मेरा पुत्र बाहर जाकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

पंडा नदी पुल के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद, गिरकर मृत्यु की आशंका

केतार (आजाद सिपाही)। रविवार की अहले सुबह लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप पंडा नदी के पुल के नीचे एक अधेड़ व्यक्ति का शव देखा गया। शव देखे जाने की सूचना आग की तरह फैल गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। शव पाए जाने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मकरी के बरवाबांध निवासी सुखेंद्र राम 50 वर्ष के रूप में की गई। घटनास्थल पर मृतक के परिजन भी पहुंच चुके थे। परिजनों ने मृतक सुखेंद्र राम का पैर फिसल कर पुल से गिरकर मृत्यु हो जाने की आशंका जताई है।

घर से अपाची मोटरसाइकिल की चोरी

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रारो गांव निवासी रामचंद्र यादव के दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार ने वह दोस्त से मांग कर अपाची बाइक लाया था। गत सोमवार 22 अप्रैल को रारो के ही मुकेश कुमार यादव का अपाची बाइक लेकर बिनोद गुप्ता के यहां शादी में गया हुआ था। उधर से लौटने के बाद करीब 11 बजे अपने घर आकर घर के दरवाजे पास बाइक को लगा कर सो गया। तभी रात्रि में ही बाइक चोरी हो गई। उसने बताया कि जब सुबह उठा तो दरवाजे पर लगी बाइक गायब हो चुकी थी। काफी खोजबीन करने पर भी बाइक का पता नहीं चल पाया। अंत में बाइक की चोरी को लेकर डंडई थाना में लिखित शिकायत की गई है। मामले में थाना प्रभारी ने कहा कि बाइक चोरी की जानकारी मिली है। जांच पड़ताल की जा रही है।

पड़हा व्यवस्था हमारी धरोहर है : रवींद्र नाथ भगत

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कटरमाली स्कूल के मैदान के समीप शनिवार को 10 पड़हा के तत्वावधान में पड़हा समाज के लोगों की एक बैठक हुई। जिसमें आगामी तीन जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को बेड़ो बाजार टांड़ में परंपरागत ढंग से धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति बेड़ो के संरक्षक सह पूर्व कुलपति डॉ रवीन्द्र नाथ भगत ने कहा कि पड़हा व्यवस्था हमारी धरोहर है। उन्होंने कहा कि बेड़ो बाजार टांड़ में आगामी तीन जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह कार्निवाल का स्वरूप दिया जाएगा। आदिवासी समाज कृषि प्रधान समाज है। कृषि उनकी जीविका का मुख्य आधार है। इस जतरा का आयोजन जेठ के महीने में होता है। जेठ की समाप्ति के बाद आषाढ़ माह के आते ही अगले छह माह तक लोग बाग कृषि कार्य में व्यस्त हो जाते हैं। इसके पहले जतरा समारोह ही उनका मनोरंजन, सामाजिक- सांस्कृतिक गतिविधियों व विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने पड़हा समाज के लोगों से एकजुट होकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं मौके पर 10 पड़हा राजा कोमल उरांव, पूर्व 10 पड़हा राजा भोला उरांव, 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा, 7 पड़हा राजा जीतू उरांव सकरा, प्रो. मंगा उरांव, गोयंदा उरांव, विशु उरांव, ग्राम प्रधान पेरो उरांव, संजय लकड़ा आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन बुधनाथ उरांव व धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रधान पेरो उरांव ने किया।

बैठक : श्री बंशीधर नगर भाजपा कार्यसमिति की बैठक में महाजनसंपर्क अभियान को सफल बनाने पर चर्चा

पांच को लाभार्थी सम्मेलन, 25 जून तक चलेगा महाजनसपंर्क अभियान

प्रधानमंत्री की ओर से संचालित योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिये चलाया जा रहा अभियान : इंद्रमणि जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। भाजपा नगर मण्डल के तत्वावधान में डाक बंगला परिसर में भाजपा कार्यसमिति की बैठक मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महाजनसंपर्क अभियान के जिला सह संयोजक इंद्रमणि जायसवाल ने कहा कि यह अभियान वैसे लोगों से संपर्क स्थापित करने के लिये किया जा रहा है, जो लाभार्थी हैं। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं को बताने तथा लोगों तक इस योजना को पहुंचाने के लिये चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगामी 5 जून से लाभार्थी सम्मेलन से शुरू होगा तथा आगामी 25 जून को प्रधानमंत्री के मन की बात से संपन्न होगा। इस बीच मंडल स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मुख्य अतिथि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्वमंत्री रामचन्द्र केसरी ने कहा कि भारतीय इतिहास में आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में जुडेगा। आज के दिन संसद के नये भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा है, जो आजाद भारत में लोकतंत्र के मूल्यों को प्रतिबिंबित करता है। इस अवसर पर मंडल के सदस्य व हम सब भारतवासी आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा जनता के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

संगठन प्रभारी मुकेश चौबे ने कहा कि पार्टी आजीवन सदस्यता अभियान चला रही है। इसमें कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आगामी 11 जून को मेदनीनगर के शिवजी मैदान में विशाल सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय ने कहा कि सबके प्रयास से ही सबका विकास संभव है। बैठक को जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शिवधारी राम, मथुरा पासवान, कुमार कनिष्क व लवली आनन्द ने भी संबोधित किया।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, अशोक सेठ, ईश्वरी कमलापुरी, सीमा देवी, चंद्रकांत पांडेय, संजय कांस्यकार, जितेंद्र विद्यार्थी, सोनू सिंह, सुजितलाल अग्रवाल, सोबरन चंद्रवंशी, प्रो. महमूद आलम, सच्चिदानंद तिवारी, रामप्रवेश प्रसाद, अविनाश प्रसाद, विनय प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। मंडल मंत्री शैलेंद्र शुक्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक संपन्न हुई।

भाजपाइयों ने मन की बात और संसद उद्घाटन कार्यक्रम देख कर जताया हर्ष

लोकतंत्र के इतने बड़े मंदिर का उद्घाटन होना देशवासियों के लिए गर्व की बात है : ओमप्रकाश केशरी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आयोजित मन की बात कार्यक्रम बूथ नंबर 127, 128 भाजपा कार्यालय पर सुनते हुए मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि आज संसद भवन का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है जो बहुत ही गर्व की बात है। लोकतंत्र के इतने बड़े मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि संसद भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जा रहा है। जहां एक ओर विपक्ष के लोगों के द्वारा कटाक्ष किया जा रहा है जो कि बहुत ही निंदनीय है। इतने बड़े सर्वोच्च स्थान को मोदी जी के द्वारा नए भारत को देखते हुए निर्माण कराया गया है, जिसके लिए पूरे भारत की जनता गौरवान्वित है। इतने बड़े ऐतिहासिक संसद का निर्माण दूरगामी सोच को देखकर मोदी जी के द्वारा कराया गया। आज संसद भवन में संगोल की स्थापना की जा रही है, जो कि बहुत से युवा साथी इस नाम को जानते भी नहीं होंगे। इस ऐतिहासिक धरोहर को कांग्रेस ने आम छड़ी का रूप दिया। आज हम सभी भारतवासी गौरवान्ति हैं कि मोदी जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है और उस ऐतिहासिक कार्य का गवाह हम सभी बन रहे हैं। इस ऐतिहासिक धरोहर को देखकर आने वाली पीढ़ी को गर्व होगा। मौके पर सोशल मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, मंडल महामंत्री यशवंत मिश्रा, उपाध्यक्ष बंधु राम, अंजली गुप्ता, उषा देवी, मीरा देवी व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीडीओ ने उपायुक्त को आवेदन देकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

बीडीओ ने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने व सुरक्षा दिलाने की गुहार लगाई है

श्री बंशीधर नगर। बीडीओ श्रवण राम ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने उपायुक्त से पूरे मामले की जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने, न्याय दिलाने व सुरक्षा दिलाने की गुहार लगाई है।

शनिवार को बीडीओ को पत्नी प्रीति देवी द्वारा प्रखंड कार्यालय में घुसकर सरेआम मारपीट करने का मामला सामने आया था। जिसके बाद बीडीओ ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर पत्नी प्रीति देवी पर मारपीट करने और सरकारी दस्तावेज छीनकर फेंकने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया था। बीडीओ का आरोप है कि पुलिस द्वारा जानबूझकर अपराध को षड्यंत्र के तहत सरकारी काम में बाधा डालने वाली धारा को कम कर प्राथमिकी दर्ज की गई और थाना से ही बेल दे दी गयी, जबकि अपराधी के द्वारा किया गया कृत्य गैर जमानती था। उन्होंने लिखा है कि मेरी पत्नी का पुरुष मित्र विकाश दुबे द्वारा मुझे कमजोर व अनुसूचित जाति का समझ कर प्रीति देवी एवं अज्ञात अपराधियों के साथ मिलकर मेरे साथ लगातार दंडनीय अपराध किया जा रहा है। क्योंकि अपराधी स्थानीय राजनीतिज्ञ व वरीय पदाधिकारी से संरक्षित है, जैसा कि वह धमकी के क्रम में हमेशा बोलता है। उन्होंने लिखा है कि यदि मेरे व मेरे दोनों बच्चों का अपहरण अथवा हत्या होती है या किसी तरह की कोई दुर्घटना होती है तो निश्चित रूप से विकास दुबे व प्रीति देवी के द्वारा षड्यंत्र का परिणाम है या इनका सीधा हाथ होगा।

उन्होंने उपायुक्त से पूरे मामले की स्वयं अथवा किसी वरीय पदाधिकारी से जांच कराकर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ताकि इस तरह की अपराध की पुनरावृत्ति ना हो। साथ ही उन्होंने अपनी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की भी मांग की है।

आजाद सिपाही में छपी खबर का असर

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कारीडहर दलित बस्ती में डीप बोरिंग करायी

डीप बोरिंग होने से भुईयां परिवार के लोगों में दौड़ी खुशी की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका प्रखंड अंतर्गत खपरो पंचायत के कारीडहर दलित बस्ती में भीषण गर्मी में एक किलोमीटर दूरी से पानी लाने को मजबूर भुइयां परिवार के आलोक में झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस दलित बस्ती में रविवार को डीप बोरिंग कराने का काम किया गया। बस्ती में डीप बोरिंग होने से वहां के भुईयां परिवार के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। बताते चलें कि खपरो पंचायत के कारीडहर दलित बस्ती में 25 घर भुईयां परिवार के लोग रहते हैं। उन्हें एक किलोमीटर दूरी से पानी लाना पड़ता था। जिसकी खबर आजाद सिपाही में पिछले दिनों छपी थी। इस खबर का असर ऐसा पड़ा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को ही बोरिंग गाड़ी भेज कर दलित बस्ती में डीप बोरिंग कराने का काम किया।

इस मौके पर रंका झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय सहित भुईयां परिवार के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की कार्यकारिणी समिति की बैठक में विभिन्न विषयों पर की गयी चर्चा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा की कार्यकारिणी समिति की बैठक अध्यक्ष केके यादव की अध्यक्षता में की गयी। श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज की इस बैठक में काफी विषयों पर चर्चा की जानी है। साथ ही विगत अधिवेशन में हुए आय-व्यय की भी चर्चा की जाएगी। वैसे हमारा संगठन पेंशनरों की समस्याओं को समाधान कराने में काफी प्रयत्नशील रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि काफी दिनों से चली आ रही चौकीदारों की प्रोन्नति की समस्याओं का समाधान उपायुक्त के द्वारा हाल ही में किया गया है। इसके लिए संगठन की ओर से हम उनका आभार प्रकट करते हैं। मंच का संचालन सचिव अशर्फी राम के द्वारा किया गया। उन्होंने भी सभी पेंशनरों का स्वागत करते हुए कहा कि आज की बैठक में ज्वलंत विषयों पर आप सभी की राय जानने के लिए आमंत्रित किया गया। संगठन की मजबूती, कल्याण कोष की मजबूती आदि के अलावे सदन के पटल पर विगत अधिवेशन पर हुए आय-व्यय रखने के लिए कहा गया। सभा को संबोधित करने वालों में श्रवण कुमार, जोखू प्रसाद, इंदु भूषण मिश्रा, गोपाल राम एवं संरक्षक सीताराम चौबे के द्वारा सभा को संबोधित किया गया। सभी के द्वारा संगठन की मजबूती एवं विगत अधिवेशन की सफलता पर बधाइयां दी गईं। सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किया गया। विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि ध्वनि मत से कर दी गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए एवं कल्याण कोष में सहयोग करने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही उपायुक्त के द्वारा चौकीदारों को सेवा संपुष्टि एवं प्रोन्नति प्रदान करने के लिए आभार प्रकट करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तर पर अगले माह पेंशन अदालत लगाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपायुक्त से मिलकर आग्रह करने का निर्णय लिया गया। स्व. जगदीश प्रसाद के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन बैठक के अंत में किया गया एवं मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं शोक संतप्त परिवार को सहनशक्ति देने हेतु दो मिनट का मौन रखते हुए भगवान से प्रार्थना की गयी। अंत में अध्यक्ष के द्वारा सभा समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक में सीताराम चौबे, गोपाल राम, उपाध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, संतोष कुमार, श्रवण कुमार, कृष्णा प्रसाद, सुदामा राम, मुंद्रिका राम, रहमतुला अंसारी, बैजनाथ सिंह, रामाधार प्रसाद जाधव, जोखू प्रसाद, इंदु भूषण मिश्रा उपस्थित थे।

प्रेस कांफ्रेंस : परमेश्वरी मेडिकल सेंटर महीने में दो दिन दे रहा निःशुल्क कैंसर ओपीडी सेवा

जांच में 150 में से 40 मरीजों में मिले कैंसर के प्राथमिक लक्षण

गढ़वा में जल्द स्थापित होगा किरण सिंह मेमोरियल कैंसर सेंटर : डॉ निशांत

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड की राजधानी रांची से 200 किलोमीटर दूर गढ़वा जिला मुख्यालय में जटिल रोगों के इलाज की सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं। जिले का परमेश्वरी मेडिकल सेंटर इस कार्य को अपना मिशन बना चुका है। लेप्रोस्कोपी विधि से जटिल से जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने वाले सेंटर के संचालक डॉ कुमार निशांत सिंह के अतुलनीय प्रयास से परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में सिपाका ग्रामीण आईसीयू की स्थापना हुई। वहीं इस क्षेत्र के लोगों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए महीने में दो बार कैंसर रोग के इलाज के लिए ओपीडी भी शुरू किया गया है। जिसमें मुम्बई कैंसर सेंटर के कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का इलाज करते हैं। डॉ निशांत ने कहा कि वह अपनी मां की स्मृति में जल्द ही किरण सिंह मेमोरियल कैंसर फाउंडेशन की स्थापना करेंगे। रविवार को कैंसर मरीजों का इलाज करने के बाद कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मदन कुमार गुप्ता और डॉ निशांत सिंह ने कहा कि लगभग 150 कैंसर के संभावित मरीजों की जांच में 40 में कैंसर के प्राथमिक लक्षण पाए गए हैं। उन्हें अविलम्ब जांच की सलाह दी गयी है। चिकित्सकों ने कहा कि इन संभावित मरीजों को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

कैंसर होने के कारण और उसके लक्षण : चिकित्सक द्वय ने बताया कि तम्बाकू, सिगरेट, गुटखा, शराब का सेवन, फास्टफूड, खराब जीवनशैली, दूषित वातावरण, वंशानुगत बीमारी कैंसर होने के प्रमुख कारण हैं।

जागरूकता है कैंसर का सबसे कारगर इलाज : डॉ कुमार निशांत सिंह और डॉ मदन कुमार गुप्ता ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता कैंसर का सबसे कारगर और सटीक इलाज है। चिकित्सकों ने कहा कि कैंसर के चार स्टेज होते हैं। ऊपर बताए गए लक्षण देखते ही इलाज शुरू होने पर 65 प्रतिशत लोगों को बचाया जा सकता है। क्योंकि रोगी तब स्टेज एक या स्टेज दो में होता है। परमेश्वरी मेडिकल सेंटर गढ़वा जिले से सभी प्रखंडों में कैंसर की निशुल्क जांच और इलाज के लिए जागरूकता रथ भी भेज रहा है। रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है और उन्हें महीने में दो दिन आयोजित निःशुल्क कैंसर ओपीडी में इलाज के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

गढ़वा में कैंसर मरीजों को दिया जाएगा कीमो : परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संचालक सह लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह ने कहा कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में किरण सिंह मेमोरियल कैंसर सेंटर की स्थापना की जाएगी। जल्द ही यहां कैंसर मरीजों को कीमो चढ़ाया जाएगा। इसके लिए तकनीकी एवं विधिक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस सेंटर में आयुष्मान कार्ड से पुनः इलाज शुरू किया जाएगा। इससे गरीबों का निःशुल्क इलाज संभव हो पायेगा।

जैक बोर्ड साइंस 12वीं में कॉलेज टॉपर बनी श्रुति केसरी को वैश्य महासभा गढ़वा ने किया सम्मानित

सीमित संसाधन में वैश्य परिवार की बेटी अपने कॉलेज में टॉपर बनी, यह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक है : रविंद्र जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। अखिल भारतीय वैश्य महासभा गढ़वा इकाई के द्वारा स्व. मनोज केसरी, माता रूबी केसरी टंडवा निवासी की पुत्री श्रुति केसरी जैक बोर्ड साइंस 12वीं में 90% मार्क्स लाकर अपने कॉलेज टॉपर बनी। इस खुशी के मौके पर गढ़वा जिला इकाई महासभा के अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल के नेतृत्व में स्व. मनोज केसरी के घर जाकर उनकी पुत्री को सरस्वती मां का चित्र एवं उपहार प्रदान किया गया। उनकी माता रूबी केसरी को अध्यक्ष के द्वारा बधाई दी गयी। कहा आप के कुशल नेतृत्व से पुत्री को सफलता मिली है। पुत्री श्रुति केसरी को उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल के द्वारा कहा गया कि बहुत ही गर्व की बात है कि वैश्य परिवार की बेटी सीमित संसाधन में अपने कॉलेज में टॉपर बनी। यह अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक है। बच्चे पूरे मन लगाकर पढ़ाई करें एवं परीक्षा में सफल हों। जो सफल नहीं होते हैं, वे किसी प्रकार का गलत कदम ना उठाएं। आप सभी लोगों के पास पर्याप्त समय है। आगे चलकर जरूर सफल होंगे। मौके पर जिला महामंत्री उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, संतोष केसरी, सचिव दौलत सोनी, कार्यसमिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, विशाल गुप्ता, रूपेश गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता टिंकू, आकाश केसरी, संजय केसरी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विधायक आवास का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य होने के खिलाफ राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वावधान में रविवार को हिसाब दो जवाब दो कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम का आवास का घेराव किया गया। इससे पहले थाना चौक स्थित कारगिल पार्क से रैली निकालते हुए विधायक आवास पहुंचे थे। इस दौरान हेमंत सोरेन मुर्दाबाद लातेहार जिले में ओबीसी का आरक्षण देना होगा समेत कई नारे लगाये गये। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी की आबादी 54 प्रतिशत होने के बावजूद भी ओबीसी का आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। आरक्षण नहीं मिलने के कारण यहां के युवाओं को नौकरी समेत कई चीजों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। राजधानी यादव ने कहा कि ओबीसी को सिर्फ वोट बैंक के तौर पर उपयोग किया जाता है। ओबीसी समुदाय अब जाग चुका हैं। अपने अधिकार के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जायेगी। सुशील अग्रवाल ने कहा कि लातेहार समेत सात जिले में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया है। जिस कारण यहां के पढ़ने वाले युवाओं को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शौंडिक ने कहा कि लातेहार जिले में ओबीसी के आरक्षण बहाल करने को लेकर लगातार आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन सरकार इस पर कोई पहल नहीं कर रही है। यह आंदोलन जारी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार को एक मांग पत्र सौंपा गया। विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि विधायक बैद्यनाथ राम ओबीसी के आरक्षण के पक्ष में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी प्रयास है कि जल्द से जल्द ओबीसी को आरक्षण दिलाया जाए। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश गुप्ता, निर्मल महलका, देवनंदन प्रसाद, रामप्यारे प्रसाद, गोविंद प्रसाद, धर्मेंद्र साहू, गया प्रसाद, आशीष कुमार, आदित्य प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में ओबीसी समुदाय के लोग मौजूद थे।

ओबीसी मोर्चा ने मनिका का विधायक आवास भी घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। लातेहार जिला में ओबीसी समुदाय को 27% आरक्षण देने की मांग को लेकर रविवार को जिले की विभिन्न जगहों से ओबीसी समुदाय के सदस्यों ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पहुंचकर किया घेराव और अपनी मांगों को रखते हुए एक मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व ओबीसी प्रतिनिधिमंडल ने विधायक आवास पंहुचकर अपनी मांगो के समर्थन में जमकर नारा लगाया। इसके उपरांत ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, सुशील अग्रवाल, राजधानी यादव, देवेंद्र प्रसाद, त्रिवेणी साव, राजीव रंजन प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, सागर वर्मा समेत बरवाडीह प्रखंड समेत जिले के अन्य जगह से पहुंच 300 से अधिक सदस्यों ने विधायक रामचंद्र सिंह को ओबीसी को लातेहार जिला में 27% आरक्षण देने की मांग पूरा करवाने को लेकर मांग पत्र सौंपा। विधायक रामचंद्र सिंह ने ओबीसी प्रतिनिधियों के सभी सदस्यों पुरजोर तरीके से स्वागत करते हुए सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि शुरू से ही इस बात के पक्षधर रहे हैं। कि समाज में जिनकी जितनी आबादी हो उनकी उतनी भागीदारी सभी चीजे में मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उन्होंने विधानसभा में 11 मार्च 2022 को शून्य काल के दौरान लातेहार जिला में ओबीसी समुदाय की 33% आबादी रहने के बावजूद भी ओबीसी समुदाय की आरक्षण शून्य रहने पर आरक्षण देने की मांग किया था। उन्होंने कहा कि एक बार फिर आप सभी के सामने बात को दोहराते हैं कि उनकी मांगों को पूरी तत्परता के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश के अन्य सभी मंत्रियों समेत पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, सांसद धीरज साहू के समक्ष रखते हुई ओबीसी समुदाय को आरक्षण दिलाने की मांग जोर-शोर से रखेंगे। और इसे पूरा करवाने तक वचनबद्ध है। मौके पर लातेहार जिले समेत प्रखंड के रामप्यारे प्रसाद, गोविंद प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र साहू, विकास जायसवाल, आशीष कुमार, बलराम यादव, रमेश यादव राम हरि, सागर कुमार, हदीश अंसारी, समेत काफी संख्या में ओबीसी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

मोदी ने झारखंड का मान बढ़ाया : सूरजमोहन साहू

कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड के भाजपाइयों ने रविवार को विभिन्न बूथों पर आम लोगों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' का 101वां एपिसोड का प्रसारण सुना। बूथ संख्या 167 पर बजरंग उरांव, 168 पर सूरज मोहन साहू, 169 पर नजीर आलम खान, 174 पर लखन उरांव समेत अनेक भाजपाइयों ने आम लोगों के लिए प्रसारण सुनने-देखने की व्यवस्था की थी। बूथ संख्या 168 पर जिला उपाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम संयोजक सुरज मोहन साहू ने कहा कि पीएम ने जल संरक्षण के क्षेत्र में खूंटी जिले के लोंगो गांव के युवाओं द्वारा किये गये बोरी बांध की चर्चा कर झारखंड का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में जल संरक्षण के क्षेत्र अमृत सरोवर के निर्माण कार्य की सराहना की।

नदी में डूबने से युवक की मौत, गांव में शोक की लहर

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के धनकारा पंचायत अंतर्गत धनकारा ग्राम में शनिवार की शाम लगभग पांच बजे नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत हो गयी। युवक की पहचान उक्त ग्राम निवासी सामजीत सिंह उम्र करीब 25 वर्ष पिता स्व नटाई सिंह के रूप में हुई है। उसके पुत्र ने गांव के लोगों को इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद गांव के ही गोताखोरों ने पुलिस की देखरेख में नदी से युवक के शव को निकाला।

राष्ट्रहित के लिए मन की बात अनिवार्य : हरे कृष्ण सिंह

मनिका (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड स्थित पोखरी गांव बूथ संख्या 101वें दिन रविवार को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात भाजपाइयों ने सुनी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व विधायक और जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के हर एपिसोड में राष्ट्रहित से अलग-अलग विषय होते हैं जिसमें देशवासी और कार्यकर्ता प्रेरित और उत्साहित होते हैं। जो राष्ट्र हित के लिए अनिवार्य है उन्होंने कहा मन की बात से देश एक सूत्र में बांधा है। मन की बात में सब को साथ लाने का काम किया।

दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कंप्लेन केस के आलोक में न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर दो आरोपी को सेन्हा पुलिस सेरेंगहातू और कैरो से गिरफ्तार कर भेजा जेल। स0आ0नि0 जमशेद खान ने जानकारी देते हुए कहा कि कंप्लेन केस के आलोक में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में सेरेंगहातू निवासी स्वर्गीय बादो मिंया के 55 वर्षीय पुत्र सलीम अंसारी तथा स्वर्गीय नूर मोहम्मद के 60 वर्षीय पुत्र बिगन अंसारी को सेन्हा थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर शनिवार को दोनो आरोपीयों को जेल भेजा गया। बिगन अंसारी फरार चल रहा था। जिसकी सूचना कैरो में छिप कर रहने का प्राप्त हुआ था। जिसपर सेन्हा पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए कैरो से गिरफ्तार किया गया। जबकि सलीम अंसारी को सेरेंगहातू से गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि दोनो के विरुद्ध धारा 467, 468, 420 और 120 बी के उलंघन के आरोप पर न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

ट्रेन से कटकर वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

लातेहार(आजाद सिपाही)। सीआइसी सेक्शन के बरवाडीह बरकाकाना रेलखंड अंतर्गत रिचूघूटा स्टेशन के समीप पोल संख्या 202/29 और 202/33 ट्रेन से कटकर एक वृद्ध की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के ग्राम रिचूघूटा निवासी मोहन सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्वर्गीय नेमा सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वृद्ध श्री सिंह देर रात घर से टहलने के लिए निकला था, इसी दौरान रेल पटरी को पार करते वक्त वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं जानकारी मिली कि वृद्ध को नींद में चलने की बीमारी भी थी, बता दें की वृद्ध जीविकोपार्जन के लिए रेलवे साइड़ में मजदूरी का कार्य किया करता था।

मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेगा प्रजापति समाज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा प्रजापति समाज सीबीएसई, आईसीआईसी और झारखंड बोर्ड और 12 में विज्ञान कॉमर्स और आर्ट्स के विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य करेगा। दसवीं के बोर्ड में 75% प्रतिशत ऊपर वाले बच्चों और 12वीं बोर्ड के साइंस कॉमर्स आर्ट्स के टॉप 3 वाले बच्चों को भी सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए विद्यार्थियों को अपना अंक प्रमाण पत्र और आधार कार्ड का छायाप्रति न्यू विनोद स्टूडियो, चिंटू पार्क के पास, राज स्टूडियो, पुराना शुक बाजार, प्रकाश डिजिटल बरवाटोली मंदिर के नीचे दीपक प्रजापति के पास कॉमर्स कोचिंग सेंटर सरना टोली, गणेश सर के पास, माही क्लासेस समेत अन्य जगहों पर 05 जून तक जमा करना होगा। सम्मान समारोह 14 जून को आनंद सरस्वती बाल निकेतन में सम्मानित किया जायेगा।

ग्रीन इंडिया और युवाओं को नशा से मुक्ति दिलाने के संकल्प को लेकर अवधेश पहुंचे बरवाडीह

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। पर्यावरण की रक्षा, ग्रीन इंडिया और समाज के युवाओं को नशा से मुक्ति बनाने के संकल्प रांची जिला अंतर्गत खलारी प्रखंड के बभनी गांव के रहने वाले अवधेश महतो पूरे भारत में जागरूकता को लेकर साइकिल यात्रा पर निकले हुए हैं जहां शनिवार को साईकिल यात्रा के दौरान तीसरे दिन बरवाडीह प्रखंड के बेतला नेतरहाट मार्ग अंतर्गत कुटमु चौक पहुँचे इस दौरान उनका स्वागत युवा समाजसेवी अजीत कुमार गुप्ता राजदीप रिंकी संजय यादव संदीप सिंह चंदन सिंह समेत अन्य युवाओं के द्वारा स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित करने का काम किया गया। अवधेश महतो ने बताया की साइकिल यात्रा की शुरू गुरुवार को खलारी से हुई है जो पर्यावरण नगरी और प्रसिद्ध बेतला नेतरहाट होते हुए छतीसगढ़ की ओर निकल जायेंगे जिसका अंत देश की राजधानी में संम्पन होंगी वही हर राज्य में कम से कम 10 से 15 दिन रुकते हुए लोगो के बीच जाकर अपनी साइकिल यात्रा का संदेश पहुंचाने का काम किया जायेगा।

शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के लिए आयोजित हुआ भर्ती कैंप

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में एसआईएस सिक्युरिटी संस्थान द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से भर्ती कायम का आयोजन किया गया। शिक्षित बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से एस आई एस सिक्युरिटी संस्थान द्वारा सुरक्षा गार्ड और कैश कस्टोडियन के पद पर कार्य करने के लिये युवकों से आवेदन लिया गया। जिसमें करीब 63 युवकों ने आवेदन जमा किया था। वही आवेदन करने वालों का शारीरिक और शैक्षणिक प्रमाण पत्र जाँच करने के उपरांत 22 युवकों का चयन किया गया। भर्ती अधिकारी गौतम कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी चयनित उम्मीदवारों को 30 मई को गढ़वा जिला अन्तर्गत बेल्चम्पा प्रशिक्षण केन्द्र बुलाया गया है। जहाँ पर इन सभी लोगों का एक महीना का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत देशभर में सरकारी तथा गैर सरकारी संस्था पर कार्य के लिये भेजा जायेगा। साथ ही कहा कि 29 मई को सेन्हा थाना परिसर में सुबह 10:30 बजे से 4:00 बजे भर्ती कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिसमें फार्म भरने से जो इच्छुक युवक छूट गये हैं। वे आकर अपना आवेदन दे सकते हैं।

नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदलने पर जय श्री राम समिति ने जताया रोष

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहरी क्षेत्र के गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में जय श्रीराम समिति के पदाधिकारियों की बैठक जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में झारखंड सरकार और शिक्षा सचिव के कारनामों को लेकर नाराजगी जाहिर की गयी। बताया गया कि लोहरदगा के ऐतिहासिक 1931 में घनश्याम दास बिडला जी के द्वारा स्थापित नदिया गांव में नदिया हिंदू हाई स्कूल से हेमंत सरकार और उनके शिक्षा सचिव के द्वारा हिंदू शब्द हटा दिया गया। जिसका जय श्री राम समिति कड़ा विरोध करती है एक पखवाड़े के अंदर पुणे हिंदू शब्द जोड़ नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया तो इस मामले को लेकर व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा। यह विद्यालय घनश्याम दास बिरला जी के द्वारा दान में दिये गये जमीन पर लोहरदगा के नागरिक ने भवन निर्माण किया गया था बाद में सरकार ने नदिया हिंदू हाई स्कूल के नाम अधिकृत किया था। मौके पर संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, अजय सोनी, गौरव कुमार समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

लोहरदगा में भाजयुमो ने राज्य सरकार का पुतला फूंका

ऐतिहासिक नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदलने का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल युवा मोर्चा लोहरदगा द्वारा ऐतिहासिक नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के नाम बदलने पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बरवा टोली चौक में किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की झारखंड के सबसे पुराने हाई स्कूलों में एक नदियां हिंदू उच्च विद्यालय है। जिससे झारखंड सरकार ने हिंदू शब्द को हटा दिया है। अब सभी विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम से जाने जायेंगे। आजादी के पूर्व 1921 ईस्वी में स्थापना की गयी थी। एक्सीलेंस शब्द एक-एक गुलाम मानसिकता की पहचान है जो अंग्रेजों के कार्यकाल में अंग्रेजों को कही जाती थी। नाम बदल जाने पर लोहरदगा के नागरिकों में जबरदस्त क्रोध है। हेमंत सोरेन से मांग किया है कि लोहरदगा की ऐतिहासिक धरोहर विद्यालय को नदिया हिंदू उच्च विद्यालय नाम रहने दिया जाये। मौके पर ओमप्रकाश सिंह, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज, श्रीचंद्र प्रजापति, सरोज प्रजापति, नवीन ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

राजन जी महाराज पांच जून को आयेंगे लातेहार

श्रीराम वाटिका और निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन वितरण का करेंगे शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। देश के प्रसिद्ध श्री राम कथा वाचक परम पूज्य राजन जी महाराज का आगामी 5 जून को लातेहार आगमन होगा। लातेहार में राजन जी महाराज के द्वारा श्री राम वाटिका कथा निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। श्री राम वाटिका के संचालक श्री रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 5 जून से श्रीराम वाटिका के प्रांगण में होगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन राजन जी महाराज के द्वारा श्री राम वाटिका होटल का भी उद्घाटन किया जायेगा। इससे पूर्व आगामी 1 जून से ही श्री राम वाटिका के प्रांगण में पूजा अर्चना आरंभ हो जायेगी। 2 जून को रुद्राभिषेक 3 जून को अखंड रामायण पाठ 4 जून को रामायण पाठ का समापन और सुंदरकांड का आयोजन 5 जून को महा आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जायेगा।

मौके पर समाजसेवी प्रमोद सारस्वत ने कहा कि परम पूज्य राजन जी महाराज का लातेहार में आगमन काफी बड़ी बात है। मौके पर श्याम किशोर अग्रवाल, अमित किशोर अग्रवाल, निर्मल महालका, गजेंद्र प्रसाद, राजीव रंजन पांडेय, संजय तिवारी, प्रथमेश राज, दमयन्ती अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

जेएमएम युवा जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर अख्तर अंसारी को दी बधाई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के जोरी पंचायत के जेएमएम युवा नेता अख्तर अंसारी के जेएमएम जिला युवा उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जोरी पंचायत के बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष नेजामुदीन अंसारी और जोरी पंचायत के मुखिया राजू उरांव ने पुरे बुद्धिजीवी मंच टीम जोरी पंचायत के सदस्यों के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया। अख्तर अंसारी को सामूहिक रूप से उनके राजनैतिक उज्वल भविष्य की कामना की ।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ स्कूटी चालक घायल

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर स्थित पेट्रोल पंप के समीप हिमालयन बाइक जे एच 07 एल 0854 के चालक मोनू गोप ने स्कूटी संख्या जे एच 01 सी आर 6353 को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी चालक अधेड़ सुले केरकेट्टा को पैर और माथा में गम्भीर चोट आयी है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच घायल को इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया बताया जाता है। कि बाइक सवार गुमला आदर्श नगर निवासी सुरेंद्र गोप का पुत्र मोनू गोप अपना बाइक से लोहरदगा अपने दोस्त का घर जा रहा था। काफी तेज रफ्तार में होने के कारण बाइक चालक संतुलन खो दिया और पेट्रोल पंप के समीप स्कूटी सवार सेन्हा निवासी स्वर्गीय सुलेमान केरकेट्टा के अधेड़ पुत्र सुले केरकेटा को टक्कर मरते हुए पेड़ से जा टकराया।

बेरमो की खबरें

आर्थिक उपार्जन का स्रोत हैं सखुआ के बीज : लंबोदर महतो

चिंतामन कुमार महतो

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। इस समय जंगली क्षेत्रों में सखुआ के वृक्षों में बहार आई हुई है। वृक्ष सरई से लदे हैं और निरंतर झर रहे हैं। स्थानीय बाजार में सरई 20 से 30 रुपये किलो बिक रहा है। वन्य क्षेत्र में बसे ग्रामीण पूरा दिन उनके वृक्षों के नीचे जमे हैं। ग्रामीण बड़े जतन से सरई को चुनकर इकट्ठा कर रहे हैं। सरई को धूप में सुखाया जाएगा, फिर तोड़कर उसके बीज निकाले जाएंगे। तब उसे बाजार ले जाया जाएगा। वहां व्यापारी हाथों हाथ उसकी खरीदारी करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में सखुआ के फल को सरई कहते हैं। पतझड़ के बाद जब इसके वृक्षों में नए पत्ते आते हैं तब उसके साथ सुंदर श्वेत फूल भी आते हैं। जून-जुलाई के महीनों में यह वृक्ष फलों से लद जाता है और झरने लगता है। बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड में सखुआ वृक्ष के बहुतायत मात्रा में हैं जो बड़े पैमाने में सरई का उत्पादन करते है ।

बहु उपयोगी है सखुआ का वृक्ष

सखुआ का वृक्ष बहु उपयोगी है। इसकी लकड़ियां कठोर और मजबूत होती है। इससे दरवाजे, खिड़की और अन्य फर्नीचर का निर्माण होता है। इसके पत्तों से पत्ता-प्लेट और कोमल डंठल का दातून में उपयोग किया जाता है। इसके अलावा इसके फल सरई का उपयोग खाद्य तेलों और कॉस्मेटिक सामग्री के निर्माण में किया जाता है। सरई से श्वास, एनीमिया, त्वचा, डायबिटीज, अल्सर या घाव जैसी बीमारी की औषधि बनाई जाती है।

आर्थिक उपार्जन का स्रोत है सरई

वन क्षेत्र में बसे ग्रामीणों के लिए सरई आर्थिक उपार्जन का स्रोत है। ग्रामीण इसे बेचकर अच्छी कमाई करते हैं और अपना जीविकोपार्जन करते हैं। गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने शिलान्यास के दौरान में बताया कि जंगल ग्रामीणों के लिए वरदान है। इसके फल, फूल, जड़ी-बूटी को बेचकर वनवासी आत्मनिर्भर हैं। महुआ, करंज, सरई और जंगली फल-फूल को बेचकर लोग सालों भर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं।

सरना स्थल और जाहेर थान के निर्माण में गड़बड़ी को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने गलती को छुपाने के लिए समझौता कराने की कोशिश की

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरोचट्टी। गोमिया प्रखंड के अंतर्गत कल्याण विभाग मद से बनाने वाली सरना और जहेरा में गड़बड़ी को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के विधायक प्रतिनिधि रविशन मांझी ने बोकारो उपायुत्त को ज्ञापन सौपा वही विधायक प्रतिनिधि रविशन मांझी ने बताया कि लोधी पंचायत अंतर्गत ग्राम भोराटांड़ में जिस अनुशंसा पत्र सरना/जहेरा घेराबंदी निर्माण करने के लिए आया, उसी अनुशंसा पत्र के आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गोमिया के द्वारा प्राक्कलन का टी०एस करा कर और भूमि जांच प्रतिवेदन जिला कल्याण कार्यालय बोकरो को उपलब्ध कराया गया है, लेकिन प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी के द्वारा दूसरे आवेदक(अर्जुन मरांडी) के साथ ग्राम-सभा करा जबकि अर्जुन मराण्डी के पत्र पर सरना/जहेरा घेराबंदी निर्माण का कार्य आया ही नहीं है और कार्य करने के लिए जिला बोकारो में के०सी० दोराई बुरू हुई गलती करने के कारण दूसरे आवेदक के साथ एग्रीमेंट हो गया। अब जो आवेदक (तालोराम सोरेन) नाम के पेपर में आया हुआ सरना/जहेरा घेराबंदी का कार्य वो आवेदक (तालोराम सोरेन) ही वंचित है। और इस कारण भोराटांड़ में दो पक्षो में विवाद उत्पन्न है।

पंचायत सचिवों की जिला कमेटी का हुआ गठन, संतोष चुने गये अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले के पंचायत सचिवों को एकजुट रखने के लिए पंचायत सचिवों ने जिला कमेटी का गठन किया। इसके लिए झारखण्ड राज्य पंचायत सचिव संघ जिला शाखा गुमला की आम बैठक बुलाई गई। जो राम सागर बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी प्रखंडों से पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

इस बैठक में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के भूषण कुमार, जिला सचिव, मुरारी प्रसाद सिंह, सचिव रामनरेश सिंह, कोषाध्यक्ष, मनोरंजन कुमार सिंह, अमीत कुमार रवि भी विशेष रूप से उपास्थित थे। उपस्थित पंचायत सचिव ने एक स्वर से जिला कमेटी बनाने पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। जिसमें अध्यक्ष संतोष भगत, मुख्य संरक्षक देशबन्धु प्रजापति, संरक्षक रामसागर बड़ाईक, अध्यक्ष सीताराम साहू, उपाध्यक्ष हेम प्रकाश बैठा, धीजन साहू, जिला सचिव राम मोहन साहू, संयुक्त सचिव राकेश कुमार, धनपत साहू, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल, कार्यालय सचिव हरीश साहू को निर्वाचित किया गया।

इस अवसर पर कई वक्ताओं ने कहा कि जिले में कर्मचारियों की कई समस्याएं हैं, जिसका समाधान करने के लिए कुशल नेतृत्व की जरूरत है। भूषण कुमार ने कहा कि कुछ पदाधिकारी कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे हैं, जिसका विरोध किया जायेगा। समस्याओं को सुलझाने के बजाय उलझाया जा रहा है। कर्मचारी को धमकाया जाता है। जबकि उपायुक्त समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करते हैं।

मुरारी प्रसाद सिंह ने कहा कि दिन ब दिन अफसरशाही बढ़ रही है। एकजुट होकर इसका विरोध किया जायेगा।

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म व दिल्ली में बेच देने के आरोपी को 14 साल का कारावास

गुमला (आजाद सिपाही)। व्यवहार न्यायालय के एडीजे 4 विशेष न्यायाधीश पोक्सो अंजली अनुज की अदालत ने 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची को बेचने और दुष्कर्म के आरोपी जामटोली बसिया निवासी मोइन खान ऊर्फ समीम खान को 14 साल कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी को नाबालिग की तस्करी के आरोप में 14 साल कठोर कारावास व 75000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वही जुर्माने की राशि नहीं देने पर 18 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। घटना 20 अगस्त 2017 की है। घटना के समय पीड़िता सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। वह अपने स्कूल अपनी सहेली के साथ जा रही थी। तभी मोइन खान अपनी बाइक से आया और बोला कि चलो तुम लोगों को स्कूल छोड़ देते हैं जिसके बाद दोनों बच्ची मोहन के बाइक में बैठ गई। इतने में आरोपी दोनों बच्चियों को स्कूल नहीं छोड़कर दूसरी दिशा में ले जाने लगा और कहने लगा कि तुम दोनों को दिल्ली में महीना 10-10 हजार रुपये में काम लगा देंगे। जब दोनों बच्चियों ने इसका विरोध किया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद दोनों बच्चे को दिल्ली ले गया और एक बच्ची को अलग कमरे में रखा जबकि पीड़िता को अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद आरोपी उसे 23 अगस्त 2017 को दिल्ली के एक मकान ले गया और वहां काम पर लगा दिया। जब पीड़िता रोने लगी तब मकान मालकिन ने कहा कि मोइन ने तुम्हें 5 साल के लिए मुझे एक लाख में बेच दिया है। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो मोईन खान वहां आकर पीड़िता को अपने ऑफिस ले गया जहां उस रात भी उसके साथ दुष्कर्म किया और अगली सुबह मोईन वहां से भाग गया। जिसके बाद उस ऑफिस में रायडीह की एक महिला थी जिसके माध्यम से पीड़िता अपने गांव पहुंची। इधर पीड़िता अपने गांव पहुंच कर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की और उसके साथ गई उसकी सहेली को ढूंढने की मांग की। पीड़िता ने प्राथमिकी में कहा है कि उसकी सहेली को आरोपी कहां बेचा है इसकी जानकारी उसे नहीं है।

विधिक सेवा प्राधिकार का 'मन का मिलन' पखवाड़ा 29 मई से 14 जून तक

बसिया (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के तत्वावधान में 29 मई से 14 जून तक 'मन का मिलन' पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। किसी भी तरह की कानूनी सहायता, समझौता, विवाद को समाप्त कर मुकदमा को खत्म करने हेतु प्रखंड मुख्यालय में पीएलभी से मिलकर मध्यस्थता करवायें ओर मुकदमे को खत्म करवाएं। उक्त जानकारी बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने दी है।

बैठक : समय पूर्ण होने के बाद निविदा डाले जाने के विरोध में संवेदकों ने की बैठक

भवन प्रमंडल के तानाशाही रवैये से संवेदक संघ नाराज

बैठक में संवेदकों ने निविदा रद्द नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। भवन प्रमंडल के तानाशाही रवैए से गुमला जिला संवेदक संघ खासा नाराज है। समय पुर्ण होने के बाद जबरन निविदा कराने के मामले को लेकर रविवार को गुमला जिला सवेंदक संघ ने रौनियार धर्मशाला में बैठक की। बैठक में संवेदकों ने अपनी समस्या और विभिन्न परिस्थिति पर चर्चा की। सभी संवेदकों द्वारा भवन प्रमंडल गुमला के द्वारा तानाशाही पूर्ण रवैया अपनाते हुए समय समाप्ति के बाद जो निविदा डलवाई गई है उसे अविलंब रद्द करने की मांग की गई। इस मामले को लेकर कार्यपालक अभियंता से मिलकर इस निविदा को निरस्त करने का आग्रह करने की बात कही गई। निविदा रद्द नहीं होने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किये जाने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही विभिन्न विभाग द्वारा किए गए कार्यों का पूर्ण भुगतान करने और भुगतान नहीं होने की स्थिति में सभी काम को बंद करने पर भी विचार किया गया।

संवेदकों ने बताया कि विभाग द्वारा कार्य पूर्ण कराकर भी भुगतान नहीं होने से संवेदकों का मानसिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से दोहन हो रहा है। संवेदकों ने एक स्वर में यह बात कही एवं एवं किए गए कार्यों का भुगतान अविलंब नहीं किया जाता है तो संवेदक संघ के द्वारा गुमला जिला में चल रही सभी विकास योजनाओं का बहिष्कार भी किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि करीब 100 करोड़ का काम विभिन्न मद से संचालित है। जबकि भुगतान काफी कम हो रहा है। सवेंदक विभिन्न परिस्थिति में रहकर काम करते है और विभाग द्वारा सवेंदक को परेशान किया जाता है। संवेदकों द्वारा प्रशासनिक रवैये के खिलाफ आंदोलनरत रहने का निर्णय लिया गया।

डीटीओ गुमला ने बसिया थाना चौक में चलाया सघन जांच अभियान

वाहनों में वैध कागजात नहीं मिलने पर विभाग ने लगाया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। डीटीओ गुमला विजय बिरुआ के नेतृत्व में बसिया थाना चौक में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बस, ट्रक, ट्रैलर व टेम्पो के परमिट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ओवरलोड, गाड़ी के मूल स्वरूप में बदलाव आदि की सघन जांच की गयी। वाहनों में वैध कागजात नहीं मिलने पर विभाग द्वारा जुर्माना लगाया गया। डीटीओ के नेतृत्व में चलाये गये इस जांच अभियान से वाहन चालकों और मालिकों में हड़कंप मच गया। जांच की भनक लगते ही ट्रक चालकों के द्वारा जांच स्थल से पहले काफी दूर अपने वाहनों को रोक दिया गया और जांच के उपरांत ही वे गंतव्य को गये।

सड़क पर बिना परमिट व कागजात के चल रहीं यात्री बसें : वाहन जांच के दौरान अनेक यात्री बसों के कागजातों की जांच की गयी। सिमडेगा से रांची तक चलने वाली सानिया बस बिना परमिट के यात्रियों को लेकर जा रही थी। जिसे यात्रियों की परेशानी को देखते हुए जुर्माना लगाकर छोड़ा गया। मालूम हो कि कुछ दिन पूर्व भी सानिया बस को डीटीओ द्वारा पकड़ा गया था लेकिन ड्राइवर चकमा देकर भाग गया था। सूत्रों ने बताया कि जिन बस मालिकों की एक से अधिक बस है वे अपनी सुविधानुसार परमिट वाली बस के बदले बिना परमिट वाली बस को रूट पर भेज देते हैं।

पेट्रोल पम्पों पर होगी कार्रवाई : डीटीओ विजय बिरुआ ने कहा कि जो पेट्रोल पम्प संचालक अपने पेट्रोल पंप में नागरिक सुविधाएं नहीं रखे हैं उनके खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी और उनके लाइसेंस रिन्यूअल नहीं किया जायेगा। मालूम हो कि गुमला जिला में चल रहे प्रायः अधिकांश पेट्रोल पम्पों में नागरिक सुविधाएं यथा शौचालय, प्रदूषण जांच, टायर हवा जांच, पेयजल, अग्निशमन यंत्र, मेडिकल किट जैसे की घोर अभाव हैं। पेट्रोल पम्पों में ये सुविधाएं बिल्कुल नहीं हैं। डीटीओ विजय बिरुआ द्वारा किन्दिरकेला स्थित पेट्रोल पंप के संचालक को तुरंत नागरिक सुविधा बहाल करने की हिदायत दी गयी।

चेगरी कोयल नदी में डूब कर बच्चे की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। थाना क्षेत्र के चेगरी कोयल नदी में रविवार को दिन के 9 बजे डूबने से एक आठ वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। जबकि एक बच्चे की स्थिति गंभीर हो गयी। हालांकि परिजनों को सूचना मिलने पर दोनों नाबालिग बच्चों को कोयल नदी से निकाल कर अपने निजी वाहन में 11 बजे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने चेगरी ग्राम निवासी जितिया उरांव के आठ वर्षीय पुत्र अमृत उरांव को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुनील उरांव के सात वर्षीय पुत्र अनीश उरांव का इलाज किया गया, जहां उसकी स्थिति में सुधार आई। घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि उक्त दोनों बच्चे अपनी बुआ और मां के साथ बैल चराने के लिए घर से कोयल नदी की ओर गये थे। इसी बीच दोनों बच्चे खेल खेल के क्रम में कोयल नदी के समीप जाकर खेलने लगे जहां दोनों का पैर फिसल कर पानी में जा गिरे, जिससे बच्चे पानी में डूबने लगे। आनन-फानन में अगल-बगल के लोगों द्वारा अनीश को जल्द पानी से निकाल लिया गया जबकि अमृत उरांव की खोजबीन होती रही। काफी खोजबीन के बाद अमृत कोयल नदी से बाहर निकाला गया। दोनों की स्थिति को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा परिजनों द्वारा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अमृत को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को ग्रामीणों द्वारा दी गई। पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच नाबालिग अमृत के शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

ट्रैक्टर के धक्के से स्कूटी सवार दंपती घायल

पालकोट (आजाद सिपाही)। पालकोट रोड साहू नर्सिंग होम के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी में सवार पति-पत्नी घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर गुमला से डुमरडीह की ओर जा रहा था, तभी सड़क पार कर रहे स्कूटी सवार पति-पत्नी दुली सरना डुमरी निवासी दिव्यानी असुर और मरियानो असुर दोनों घायल हो गए। वहीं घटना में सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप एक दुकान की दीवार को तोड़ते हुए क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर में काम करने वाले मजदूर को मारना पीटना शुरू कर दिया जिसके बाद गुमला थाना पुलिस मजदूर को भीड़ से छुड़ाकर थाना ले गयी।

कार्यक्रम : विकास भारती बिशुनपुर में तीन दिवसीय कुडुख भाषा पर सेमिनार में पद्मश्री अशोक भगत ने कहा

संस्कृति की संदेशवाहक भाषा है और भाषा से ही संस्कृति की पहचान होती है

कार्यक्रम में गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका इत्यादि जिले 60 से प्रतिभागियों ने भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। विकास भारती बिशुनपुर के सभागार में कुडुख भाषा पर तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने कहा संस्कृति का संदेशवाहक भाषा है। भाषा से ही संस्कृति की पहचान होती है और संस्कृति जीवित रह पाती है। उन्होंने कहा भाषा संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित करती है। भगत ने कहा उरांव जनजाति का इतिहास बेहद पुराना है। कई हजार वर्षों से या जनजाति अपनी भाषा और संस्कृति को बचा कर रखे हुए हैं। पूर्व के काल में किसी भी भाषा के पास अपनी लिपि नहीं थी। कालांतर में दुनिया की तमाम भाषाओं ने अपनी अपनी लिपि विकसित की। कुडुख भाषा की भी लिपि विकसित हो चुकी है। विकास भारती ने कुडुख भाषा में प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई प्रारंभ की है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक पर भी हम बच्चों को पढ़ा रहे हैं। हमारे बच्चे बेहतर कर रहे हैं। मेरे मन में विचार है कि पूर्णरूपेण कुडुख भाषा पर आधारित एक शैक्षणिक संस्थान विकसित किया जाए। जिसमें आदि सनातन सरना धर्म, संस्कृति, विज्ञान आदि की पढ़ाई हो। इस दिशा में हम लोगों ने काम प्रारंभ कर दिया है। स्थितियां अनुकूल रहीं तो जल्द ही हमारा यह विचार भौतिक आकार ग्रहण करेगा।

उद्घाटन सत्र में भाषा वैज्ञानिक एवं पेशे से चिकित्सक डॉ नारायण उरांव ने व्यापक रूप से कुडुख भाषा विज्ञान एवं लिपि पर प्रकाश डाला। शिलांग विश्वविद्यालय के थियोलॉजी के प्राध्यापक रहे डॉक्टर एतवा उरांव ने कुडुख भाषा में संबोधित करते हुए पार्टिसिपेंट को यह संदेश दिया कि जिस प्रकार यहूदियों ने अपनी मातृभूमि से अलग रहने के बाद भी अपनी भाषा, संस्कृति, धर्म, परंपरा और पूर्वजों को नहीं भुलाया, उसी प्रकार उरांव जनजाति ने भी अपनी भाषा संस्कृति धर्म और परंपरा को अक्षुण्ण रखे हुए है। अब समय आ गया है, हम इसे विकसित करें और अपने समाज को प्रभावशाली तरीके से खड़ा करें। उन्होंने कहा, भाषा लिपि के माध्यम से जीवंत होती है। कुडुख की लिपि विकसित हो चुकी है। अब हमें अपने पारंपरिक विद्यालयों जिसे हमारी भाषा में धूमकुरिया कहा जाता है, उसको विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने धूमकुरिया व्यवस्था की व्याख्या करते हुए कहा, धूम का अर्थ चरित्र निर्माण होता है और कुड़िया मतलब वह स्थान जहां चरित्र का निर्माण किया जाए। उन्होंने बताया कि पारंपरिक आदिवासी समाज में 13 वर्ष से लेकर 23 वर्ष के युवाओं को यहां व्यवहारिक, नैतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, वैज्ञानिक और शोध परक शिक्षा प्रदान की जाती थी। हमें इसे फिर से जीवित करना होगा।

उद्घाटन समारोह में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्था से जुड़े श्रीमान प्रवाल मैत्रा ने कहा कि विकास भारती का यह छोटा-सा प्रयास है। आने वाले समय में इसे हम और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेंगे। साथ ही साथ इसे 12 से 14 वर्ष के बच्चों को नैतिक शिक्षा के रूप में पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम 29 मई 2023 तक चलने वाला है। इस तीन दिवसीय सेमिनार में भाषा विज्ञान के साथ ही साथ साहित्य, व्याकरण और कुड़ुख भाषा के समक्ष चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सदस्य महादेव जी, डोरंडा कॉलेज रांची के डॉक्टर नारायण भगत, शरण उरांव, डॉ रजनीकांत पांडे झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्र भगत के साथ-साथ गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका इत्यादि जिले 60 से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

महत्वपूर्ण न्यूज

जंगली हाथी ने घर ध्वस्त कर सब्जी की फसलों को पहुंचाया नुकसान

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर पंचायत के बरटोली गांव में एक जंगली हाथी ने किसान शांति प्रकाश मिंज के घर को रविवार की अहले सुबह ध्वस्त कर दिया। वहीं खेतों में लगी सब्जी की फसल को रौंद कर एवं खाकर नुकसान पहुंचाया है। प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार की सुबह लगभग 4:00 बजे एक जंगली हाथी बरटोली गांव में प्रवेश कर गरीब किसान के नये मकान को ध्वस्त करने लगा। वहीं पड़ोसी एडवर्ड मिंज ने बताया कि रात करीब 3:00 बजे कुत्तों के भौंकने की कारण उसकी नींद खुली तो बाहर निकल कर टोर्च की रोशनी में देखा कि एक जंगली हाथी शांति प्रकाश के घर को ध्वस्त कर रहा है। जिसके बाद एडवर्ड ने एक पटाखा फोड़ कर ग्रामीणों को सतर्क किया एवं ग्रामीणों को जानकारी दी कि एक जंगली हाथी गांव में घुसकर शांति प्रकाश के घर को ध्वस्त कर रहा है। जिसके बाद ग्रामीणों ने मशाल की सहायता से बड़ी मुश्किल से जंगली हाथी को खदेड़ हुए शंख नदी के उस पार जारी प्रखंड के श्रीनगर गांव के जंगल की ओर खदेड़ दिया। इधर किसान शांति प्रकाश ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। आपको बताते चलें कि एक जंगली हाथी कई महीनों से चैनपुर एवं जारी प्रखंड के सीमावर्ती जंगल में डेरा जमाए हुए है और रात होते ही सीमावर्ती गांव बरटोली, बुकमा, सिंगपुर, श्रीनगर, छतरपुर गांव में प्रवेश कर गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को चट कर जाता है। वहीं खेतों में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। लगातार जंगली हाथी द्वारा गांव में हमले से ग्रामीण काफी भयभीत हैं और रतजगा कर अपने गांव की पहरेदारी करने को मजबूर हैं।

विद्युत तार की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत, किसानों ने की मुआवजे की मांग

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर क्षेत्र अंतर्गत मालम पंचायत के जामटोली गांव में विद्युत तार की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गयी। जामडोली गांव में रविवार की सुबह लगभग 7:00 बजे नीचे गिरे बिजली की तार की चपेट में आने से किसान योगेंद्र उरांव की एक भैंस एवं किसान अरविंद उरांव का एक काड़ा की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार किसान अपने मवेशियों को पुआल खिलाकर पानी पिलाने बांध की ओर ले जा रहे थे, तभी मांचा टांड़ के पास गिरा हुआ विद्युत तार की चपेट में एक भैंस व एक काड़ा आ गया। तार में करंट चालू होने के कारण कुछ ही देर में दोनों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में ग्रामीणों ने पावर सब स्टेशन चैनपुर को कॉल कर लाइन को बंद कराया। यह जानकारी मालम पंचायत की पंसस अनीता एक्का ने देते हुए बताया कि तत्काल लाइन अगर नहीं काटी जाती तो कई और मवेशी तार की चपेट में आ जाते। इधर किसानों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

बस यात्री को नशीला पदार्थ सुंघा कर चोर ट्रॉली बैग लेकर हुआ फरार

बसिया (आजाद सिपाही)। रांची से सिमडेगा जिलान्तर्गत गांगूटोली तक चलने वाली यादगार नामक बस में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बसिया थानांतर्गत मोरेंग रायकेरा निवासी क्रिस्टोफर कुजूर, पिता स्व. इलियस कुजूर को रांची से बसिया आने के क्रम में नशीला पदार्थ सुंघाकर उनके अटैची को लेकर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली एनसीईआरटी में प्रोफेशनल असिस्टेंट के पदाधिकारी के रूप में कार्यरत क्रिस्टोफर शनिवार को रांची एयरपोर्ट में उतरकर अपने गांव मोरेंग रायकेरा आने के लिए रांची कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से यादगार नामक बस में सवार हुए। बस के चलने के कुछ देर बाद नामकुम के आसपास छिनतई करने वाला व्यक्ति द्वारा जहरीला प्रदार्थ सुंघा दिया गया। जिससे वे बेहोश हो गये और उसके बाद अपराधी क्रिस्टोफर कुजूर का ट्रॉली बैग जिसमें बारह हजार रुपये नगद, पर्स, आधार कार्ड, पेन कार्ड, एटीएम कार्ड तथा एनसीईआरटी का आईडी प्रूफ, मोबाइल आदि थे, को ले गया। बेहोशी की स्थिति में क्रिस्टोफर कुजूर पतुरा न उतर कर गांगूटोली पहुंच गये। जिसके बाद बस स्टाफ द्वारा किन्दिरकेला के एजेंट को कॉल कर घटना की जानकारी दी। उसके बाद पीड़ित के घर वाले जाकर उन्हें अपने गांव लाये। पीड़ित द्वारा बाद में पता करने पर बस कंडक्टर ने बताया कि उक्त ट्रॉली बैग को चोर बसिया देवी गुड़ी चौक में लेकर उतरा है। वह लड़का देखने में गोरा है। क्रिस्टोफर कुजूर ने बसिया पुलिस से उनके चोरी गये सामान को वापस दिलाने और अपराधी को पकड़ने की गुहार लगायी है।

जारी अंचल कार्यालय में हुई चोरी, किसी दस्तावेज या सबूत को मिटाने का संदेह

जारी (आजाद सिपाही)। अलबर्ट एक्का प्रखंड जारी के प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय से रविवार के दिन के समय लगभग दो बजे कंप्यूटर, कीबोर्ड, माउस, मॉनिटर, टेबल फैन सहित अन्य चीजों की अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। चोरी करने वाले बहुत ही निडरता के साथ चोरी की घटना को अंजाम देकर चलते बने। थाना से सटे ब्लॉक होने के बावजूद चोरों ने दिन में ही ब्लॉक कार्यालय के मेन गेट में लगे ताले को तोड़ कर अंदर प्रवेश किया। जिसके बाद अंचल कार्यालय में घुसकर सरकारी संपत्ति को चोरी कर ली। घटना की जानकारी प्रखंड क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। कई लोगों का कहना है कि चोरी करना प्रखंड मुख्यालय में इतना आसान नहीं है। जरूर चोरी करने के उद्देश्य को लेकर कई दिनों तक रेकी किया जा चुका होगा। तब जाकर आज चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इधर चोरी की घटना पर ब्लॉक परिसर में दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ था कि कहीं हमारे दुकान में भी चोरी तो नहीं हो गई है। लेकिन सभी दुकानदारों के द्वारा अपने अपने दुकानों व गुमटी में रखे सामानों की जांच की गई तो पता चला चोरी सिर्फ अंचल कार्यालय में ही हुई है। चर्चा तो यह भी है कि कहीं किसी गुप्त दस्तावेज के छेड़छाड़ के लिए या किसी दस्तावेज अथवा किसी सबूत को मिटाने के लिए इस चोरी की घटना को अंजाम तो नहीं दिया गया है। क्योंकि सीधे कंप्यूटर से संबंधित सामग्रियों की चोरी कई शंकाओं को जन्म दे रही है। इस संबंध में जब थानेदार मनीष कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि छानबीन की जा रही है किसी भी हालत में चोरों को बख्शा नहीं जाएगा आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जिला परिषद दिलीप बड़ाईक, सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, सीईओ रेशमा रेखा मिंज, थाना प्रभारी मनीष कुमार और अंकुश कुमार अंचल कार्यालय में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

समस्याओं का समाधान करना ही लक्ष्य : कमलेश सिंह

नया ट्रांस्फॉर्मर लगाने के अवसर पर मौजूद गणमान्य लोग।

मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन को मिला 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। विधानसभा क्षेत्र के मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र को विद्युतापूर्ति करने वाले मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने पर ग्रामीणों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को इसकी सूचना दी थी। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दिन में मोहम्मदगंज विद्युत सब स्टेशन में 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया है। इस पर बीस सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने विधायक कमलेश सिंह का आभार जताया है। ट्रांसफार्मर खराब होने से मोहम्मदगंज क्षेत्र के लोग इस गर्मी में काफी परेशान थे। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में बिजली के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे के अंदर बदल कर दिया जाता है। उन्हें उम्मीद भी नहीं थी की मेन पावर ट्रांसफार्मर भी इतना जल्दी उपलब्ध हो पाएगा। कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह के पास सब मुमकिन है। सड़क, सिंचाई शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र लगातार कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने विधायक को धन्यवाद किया है।

प्रथम महापौर ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद नगर आयुक्त और डीसी से बात करने का दिया आश्वासन

मेरा शहर बदल रहा है : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने योग संस्थान पलामू योग युवा को उपहार स्वरूप साउंड सिस्टम दिया। कहा कि मुझे खुशी है की जैसे-जैसे निगम क्षेत्र में पार्को का निर्माण हो रहा है वैसे-वैसे योगा करने वालों की संख्या बढ़ रही है। पहले लोग बड़ा तालाब, गांधी उद्यान जहां गंदगी का अंबार लगा रहता था आज वहां भी लोग योगा कर रहे है। वहीं, शहर के चर्चित कोयल रिवर फ्रंट पर भी शहर के गणमान्य लोग योगा करते नजर आ रहे। जब मैं इन सभी के बीच जाती हूं और इनके चेहरों पर मुस्कान देखती हूं, तो खुशी मिलती है। वहां बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है। महिलाएं घर से बाहर निकल कर योगा करती नजर आती है तो लगता है मेरा शहर बदल रहा है। मेरे कार्यकाल में किए गए कार्यों का पारिश्रमिक मिल रहा है। पर मुझे मेरे कार्यकाल में निर्मित अंबेडकर पार्क (बड़ा तालाब) के घटिया निर्माण एवं रखरखाव को देख कर दुःख भी होता है। मैंने संवेदक को करोड़ों का झरना जो 10 दिन भी नहीं चला को चालू करने, लाखों के लगे फूल पत्ती एवं घास को ठीक करने और नंगे वायरिंग एवं पानी की व्यवस्था ठीक करने को कहा था, जिसका मैंने कार्य पूर्ण करने तक बोर्ड में एजेंडा लाकर संवेदक का भुगतान भी रोका पर अब तक नहीं किया गया। मैं इस संबंध में नगरआयुक्त एवं पलामू डीसी से बात कर ठोस कदम उठाने को कहूंगी, क्योंकि यह पार्क शहर का हृदय स्थल है। उधर, रविवार को अरुणा शंकर को उपस्थित महिलाओं ने पार्क में निर्मित शौचालय की बदतर स्थिति को बताते हुए दैनिक सफाईकराने का आग्रह किया। जिस पर प्रथम महापौर ने कहा कि अंबेडकर पार्क, गांधी उद्यान एवं मरीन ड्राइव के पार्क के शौचालय किसी एजेंसी को सफाई के लिए देने की बात नगर आयुक्त से करूंगी, ताकि इन स्थानों पर खासकर महिलाओं को कोई असुविधा ना हो। इस अवसर पर मंजय कुमार, विपिन कुमार, विकास कुमार, दीपू कुमार, आलोक कुमार, दया सिंह, रतन जी, रंजीत जी एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

पार्क में महापौर अरुणा शंकर से मिलकर समस्याओं से अवगत कराती महिलाएं।

श्री चंडी महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

पांच दिवसीय महायज्ञ के साथ नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में मां देवी व भैरव बाबा की होगी प्रतिमा स्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में हो रहे श्री चंडी महायज्ञ को ले रविवार को विशाल जलयात्रा निकाली गई। जिसमें सेमरी सहित आस-पास के दर्जनों गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। ग्राम वासियों ने यज्ञ परिसर में ग्राम देवी सहित आराध्य देव की पूजा अर्चना के साथ गांव का भ्रमण करते हुए ऐतिहासिक शिव पोखर स्थित सती दाई स्थल पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश को सिर पर रखकर श्रद्धालु वापस यज्ञस्थल पहुंचे, जहां पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ कलश को स्थापित किया गया। इसके साथ ही महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। जलयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यह पांच दिवसीय महायज्ञ स्वामी उदय नारायण आचार्य जी महाराज के तत्वाधान में संपन्न होगा। सोमवार को यज्ञशाला परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजन पाठ के साथ अग्नि मंथन होगा। दो जून को पूणार्हुति व भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न होगा। विदित हो कि यज्ञ का आयोजन गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में मां देवी व भैरव जी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर की गई है। एक जून को ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिमा स्थापित की जायेगी। यज्ञ को सफल बनाने में आयोजन समिति अध्यक्ष सूर्यनाथ ओझा, कोषाध्यक्ष निरंजन ओझा,सचिव राजेंद्र ओझा,विजय ओझा,कुश कुमार ओझा, मुरारी ओझा, दुर्गा पासवान, सत्य पासवान, विजय शर्मा, सत्येंद्र ओझा, दिलीप ओझा, शिव कुमार शर्मा, रतन राम, राम विनय पासवान, जयंत ओझा, ध्रुव ओझा, अजीत ओझा, आयुष ओझा आदि की भूमिका सराहनीय है।

आंधी से ढहा दिव्यांग परिवार का आशियाना, मुआवजे की मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। विगत दिनों अचानक आई तेज आंधी ने कोशी पंचायत क्षेत्र के रूपनारायणपुर गांव निवासी दिव्यांग संतोष सिंह उर्फ भूषण के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। मकान के छत में लगा अल्बेस्टर बर्बाद हो गए। इससे सामानों को भी नुकसान हुआ है। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दिव्यांग परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर समय मदद का आश्वासन दिया है। वहीं, पीड़ित परिवार ने आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजे की मांग की है, ताकि आशियाना ठिक करा सके।

किसी की प्यास बुझाना पुण्य का काम : विकास दूबे

सर्वेश्वरी समूह के गुरी शाखा ने सेमरी यज्ञस्थल पर खोला पनशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी शाखा सह प्रार्थना गृह की ओर से विश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में यज्ञस्थाल पर रविवार को पनशाल खोला गया। जिसका उद्घाटन राम लखन पांडेय, युवा समाजसेवी विकाश दूबे, प्रवीण मिश्रा व सीए श्रीकांत दूबे ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने ग्रामीणों को अपने हाथों से पानी भी पिलाया। इससे पहले समूह के संजीत कुमार मिश्रा ने अधोरेश्वर महाप्रभु जी और गुरुपद संभव राम बाबा जी का विधिवत पूजन किया। समूह सदस्य हलकानी राम व चन्द्रेव साव ने ग्रामीणों के बीच अधोरेश्वर महाप्रभु जी की वाणी साहित्य व पम्पलेट का वितरण किया। विकाश दूबे ने कहा कि तपती धूप में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है।

प्रविन मिश्रा ने सर्वेश्वरी समूह के कार्यक्रम को सराहनीय और अनुकरणीय बताया। इस मौके पर श्रीकांत मिश्रा, रामलखन पाण्डेय, साहेब राम, अंस राज, सनोज राम, सूर्यनाथ ओझा, अलख ओझा, जयंत ओझा, कुश कुमार ओझा, निरंजन ओझा, राजेन्द्र ओझा आदि उपस्थित थे।

खपरैल के मकान में लगी आग, कीमती सामान जले

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत गिद्धि गांव के किसान रामचंद्र यादव के घर में शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। घटना रविवार की है। उस वक्त घर में दो बच्चे सोए थे। वहीं आग देख ग्रामीण मदद को पहुंचे और घर से दोनों बच्चों को बाहर निकाला। साथ ही कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि आग लगने से करीब 70 से 80 हजार रुपये का सामान जल कर राख हो गया। जबकि शार्ट सर्किट से आग लगने से गरीब का आशियाना भी उजड़ गया। पीड़ित रामचंद्र यादव ने बताया कि घर में रखे चावल 80 किलोग्राम, ढाई क्विंटल गेंहू, आलू, प्याज के अलावे मोबाईल, ओढ़ना बिछावन आदि जल गए हैं।

संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार मानसिक दिवालियेपन का प्रतीक : धर्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में एक रिकॉर्ड समय में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित संसद भवन रविवार को देश को समर्पित हुआ। यह भवन आगामी 100 वर्षों के विजन व भविष्य को ध्यान रखकर बनवाया गया है। इस ऐतिहासिक और गौराशाली लोकतंत्र के नए मंदिर संसद भवन का निर्माण होने से सभी भारतवासी गौरव का अनुभव कर रहे हैं। नए संसद भवन के उद्घाटन के इस ऐतिहासिक अवसर पर कुछ विरोधी दलों की ओर से बहिष्कार करने का निर्णय उनके मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान को लेकर प्रश्न उठाने वाले नेता पहली बार किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाए जाने पर विरोध किया था। यही नहीं, सभी ने मिलकर संयुक्त रुप से अपना उम्मीदवार उतरा और चुनाव होने पर राष्ट्रपति के बारे में अपशब्द कहकर अपमानित करने वाले नेता आज किस मुंह से राष्ट्रपति के सम्मान की बात कर रहे हैं। यदि कांग्रेस सहित अन्य दलों में सम्मान होता तो एक आदिवासी महिला उम्मीदवार को निर्विरोध चुनाव कर सम्मान को बढ़ाना चाहिए था। कहा कि विरोधी दलों का यह विरोध भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करना है।

भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव।

भाजपा के सभी छोटे-बड़े कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के जरिये प्रचारित-प्रसारित करें कार्यकर्ता : डॉ ईश्वर

आरसीआइटी कॉलेज में भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के बारे में किया गया प्रशिक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी कॉलेज सभागार में रविवार को भाजपा का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। कार्यशाला में विश्रामपुर के कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक सोमेश सिंह व सूरज विश्वकर्मा ने फेसबुक, वाट्स एप, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने सहित सोशल मीडिया के बारे में कई तरह की जानकारी दी। वहीं, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यक्रम को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित प्रचारित करें। ताकि आम लोगों तक कार्यक्रमों की जानकारी पहुंच सके। इस मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, दीपक चौहान, रामजतन पासवान, आनंद कुमार चंद्रवंशी, चंदन कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार यादव, कमलेश उराव, शोभनाथ राम, अभिषेक चौरसिया, विशाल दूबे, धर्मेन्द्र कुमार, शंकर चंद्रवंशी, उपेंद्र तिवारी, संजय चंद्रवंशी, विक्की बादल, उपेंद्र यादव, राज कुमार, जितेंद्र ठाकुर, सतेंद्र यादव, अंकित सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

भारत के स्टार शटलर एसएच प्रणय ने मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जा रहे मलेशिया मास्टर्स में गोल्ड मेडल जीत कर इतिहास रच दिया। उन्होंने चीन के वेंग गोंगयांग को तीन गेम में हरा कर जीत दर्ज की

रचा इतिहास : मलेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट की मेंस कैटेगरी में गोल्ड जीतने वाले बने पहले भारतीय

भारतीय स्टार शटलर एचएस प्रणय ने जीता गोल्ड, चीन के होंगयांग को हराया

एजेंसी

कुआलालंपुर। भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने मलेशिया के कुआला लुम्पुर में खेले जा रहे मलेशिया मास्टर्स में गोल्ड मेडल जीत इतिहास रच दिया। प्रणय ने फाइनल मुकाबले में चीन के वेंग होंगयांग को तीन गेम में 21-19, 13-21 और 21-18 से 2 में हरा कर जीत हासिल की। दोनों के बीच मुकाबला 94 मिनट चला। प्रणय साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद मलेशिया मास्टर्स चैंपियनशिप जीतने वाले तीसरे भारतीय बन गए है। साथ ही मेंस सिंगल्स कैटेगरी में जीतने वाले पहले भारतीय बने। इस सीजन यह प्रणय का पहला मेडल है।

भारत ने अब चार बार जीती चैंपियन शिप

प्रणय के साथ ही भारत को चैंपियनशिप में अब 4 बार जीत मिल गई है। पहली बार मेंस सिंगल्स में गोल्ड आया। वहीं, तीन बार विमेंस सिंगल्स में भारत को गोल्ड मिला है। दो बार पीवी सिंधु और एक बार साइना नेहवाल ने चैंपियनशिप में जीत हासिल की।

सेमीफाइनल में प्रणय को वॉकओवर मिला

प्रणय ने शनिवार को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के क्रिस्टियन अदीनाता के खिलाफ वॉकओवर मिला। मैच के दौरान एडिनाटा के घुटने में चोट आ गई। पहले सेट के दौरान प्रणय 19-17 से आगे चल रहे थे। इस दौरान एडिनाटा का बाएं घुटना मुड़ गया और उनके घुटने में चोट आ गई। भारत के एचएस प्रणय मलेशिया में जबरदस्त फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने दुनिया के नंबर 6 चाउ टीएन चेन, मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग और मैड्रिड मास्टर्स 2023 के विजेता केंटा निशिमोतो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

सिंधु सेमीफाइनल में हारी

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु सेमीफाइनल में हार गई। शनिवार को विमेंस सिंगल्स के मुकाबले में उन्हें दो सेट में लगातार हार का सामना करना पड़ा। उन्हें इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिसाका ने पहले सेट में 14-21 से हराया और फिर दूसरे सेट में 17-21 से शिकस्त दी। इसके साथ ही लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और मालविका बंसोड़ को क्रमश राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल्स और राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा।

साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद मलेशिया मास्टर्स चैंपियनशिप जीतने वाले तीसरे भारतीय

दुनिया के 84 शटलर्स ने सिंगल्स में लिया था हिस्सा

मलेशिया मास्टर्स में दुनियाभर के 84 शटलर्स ने हिस्सा लिया था। वहीं, इसमें 108 डबल्स टीमें भी शामिल थी। मलेशिया मास्टर्स की शुरूआत 2009 में हुई थी और तब से यह हर साल मलेशिया के अलग-अलग वेन्यू पर खेला जाता है।

टीम इंडिया ने शुरू की प्रैक्टिस

आइपीएल का फाइनल समाप्त होने के ठीक 10 दिन बाद सात जून को टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड में डब्ल्यूडीसी फाइनल खेलेगी।भारतीय टीम के कई खिलाड़ी इंग्लैंड पहुंच चुके है। विराट कोहली लंदन पहुंच गए है। उन्होंने प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। कई और जल्द ही पहुंचेंगें।

भगवान परशुराम मंदिर निर्माण कार्य में सहयोग करने की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। रांची रोड रेड़मा मेदिनीनगर में राष्ट्रीय परशुराम भार्गव सेना की ओर से कराए जा रहे भगवान परशुराम जी के मंदिर निर्माण में पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रूद्र शुक्ला द्वारा मंदिर परिसर को सुसज्जित करने के लिए संपूर्ण लाइट लगाने की घोषणा की। वहीं डाल्टनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राकेश तिवारी ने तीन हजार स्क्वायर फीट में टाइल्स देने की घोषणा की। इसके साथ ही पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा द्वारा मंदिर परिसर में 21 सीलिंग फैन लगाने की घोषणा की गयी। परशुराम सेना भार्गव के झारखंड प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि परशुराम भक्तों द्वारा प्रतिदिन स्वेच्छा से बढ़ चढ़कर मंदिर निर्माण में सहयोग करने की घोषणा करने के साथ ही मंदिर निर्माण में लगने वाले सामग्री का दान किया जा रहा है। इनके द्वारा किए गए सराहनीय सहयोग के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार प्रकट करती है।

नये लोगों को लालच देकर गैंग में शामिल करने की हो रही है कोशिश : एसएसपी

चाइना डब्ल्यू पर हुए जानलेवा हमले में शामिल एक आरोपित गिरफ्तार

आरोपित के पास से एक बंदूक और कारतूस भी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

गोलीकांड में गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार व अन्य। जब्त बंदूक व कारतूस।

धनबाद। विगत भूली के बाईपास रोड में वासेपुर के मो अनवर उर्फ चाइना डब्ल्यू नामक युवक पर गोली चलने के मामले में पुलिस ने फैजान नामक एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से घटना में इस्तेमाल पिस्टल, खोखा, और तीन कारतूस भी बरामद किया है। इसकी जानकारी एसएसपी संजीव कुमार ने जानकारी दी। वे रविवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बाईपास रोड स्थित एक होटल में ये सभी पार्टी कर रहे थे। आरोपितों ने ही चाइना डब्ल्यू को वहां बुलाया गया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच झगड़ा हो गया, जिसके बाद उस पर गोली चला दी गयी। इसके अलावे घटना की कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। टीम में भूली और बैंक मोड़ थाना प्रभारी शामिल थे। फिलहाल अपराध में शामिल एक अपराधी फैजान अहमद की गिरफ्तारी हुई है और उसी के निशानदेही पर पिस्टल बरामद किया गया है। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि फैजान सहित घटना में कुल तीन अपराधी शामिल थे। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसएसपी ने बताया कि अभी तक अनुसंधान में यह पता चला है कि फिलहाल यह मामला वासेपुर के गैंग से जुड़ा नहीं है। हालांकि ये अपराधी किसी न किसी गैंग से जुड़े हैं जिसकी जांच चल रही है।

लालच देकर गैंग बढ़ाने की कोशिश

एसएसपी ने पत्रकारों को बताया कि पिछले दिनों पुलिसिया कारवाई के दौरान गैंग्स के कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके बाद से अपराधियों की ओर से लगातार नए लड़कों को बहला फुसला कर व लालच देकर गैंग में शामिल करवाया जा रहा है। ऐसे लड़कों और उनके परिजनों को हम सतर्क करना चाहेंगे कि वे अपराधियों के लालच में न आएं, क्योंकि आखिर में आपराधिक तत्व के लोगों अंजाम बुरा ही होता है और जेल जाना ही पड़ता है। वे अपने भविष्य को खराब न करें। यह जान लें कि वे किसी प्रकार की भी आपराधिक गतिविधियां करेंगें तो उन्हें पुलिस के शिकंजे में फंसना ही है। कानून उनपर कड़ी कर्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि अनवर गोलीकांड में भी गिरफ्तार फैजान के साथ यही हुआ है। वो सीधे इस कांड में संलिप्त नहीं था।

छोटे बच्चे देश का भविष्य, इन्हें संवारने और जतन करने की जरूरत है : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। छोटे बच्चें देश के भविष्य हैं। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा इनके संस्कारों का आधार है। इनको जतन करने की जरूरत है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कही। वो रविवार को झरिया धर्मशाला रोड स्थित एक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से लौटने के क्रम में अध्यनरत छोटे बच्चों के समक्ष कही। उन्होंने बच्चों का उत्साह भी बढ़ाया। रागिनी सिंह का काफिला विद्यालय में बच्चों के पढ़ने की आवाज सुन रुका था। रागिनी सिंह वाहन से उतर कर विध्यालय पहुंची और बच्चों से मिली। उनके द्वारा पढ़े जा रहे कविताओं को सुन खुश हुई और बच्चो को पढ़ाई के प्रति उत्साहित देखकर उन्हें चॉकलेट देकर उत्साह बढ़ाया। बताते चलें कि रागिनी सिंह जिस विद्यालय में पहुंची थीं उसका नाम आदर्श माध्यमिक विद्यालय है, जो 1932 से वहां स्थापित है। तब से लगातार झरिया के छोटे बच्चों को शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य को संवार रहा है। वर्तमान में इस विद्यालय को वहां की अध्यापिका संजू सिंह संभाल रही है। इश दौरान रागिनी सिंह ने संजू सिंह के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए स्कूल में होने वाले कार्यों में रुचि दिखाते हुए हर संभव सहायता करने की बात कही।

खेमका आउटसोर्सिंग में नियोजन की मांग को लेकर आंदोलन दूसरे दिन भी रहा जारी

27 मई को मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों ने की पुलिस से शिकायत, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा/कतरास। बीसीसीएल ब्लॉक 2 क्षेत्र अंतर्गत संचालित खेमका केरियर्स आउटसोर्सिंग कंपनी में नियोजन की मांग को लेकर ग्रामीण एकता मंच के बैनर तले स्थानीय बेरोजगार व रेयतों का आंदोलन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी लगातार 48 घंटो से धरना स्थल पर बैठे हुए है इसके वावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूर की मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया। जबकि आंदोलन की वजह से खनन कार्य पूरी तरह ठप है जिस कारण कोयले का उत्पादन भी पूरी तरह बाधित है। शनिवार को आउटसोर्सिंग कर्मी और धरनार्थियों के बीच हुए मारपीट के बाद उतपन्न तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बाघमारा पुलिस एवं सीआईएसएफ जवान धरनास्थल पर कैंप किये हुए है। वहीं दूसरी ओर मजदूरों का कहना है कि फिलहाल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कोई वार्ता नहीं हुई है। जबतक कंपनी स्थानीय बेरोजगारो को नियोजन नही देती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

दूसरी ओर, शनिवार को घटी मारपीट की घटना को लेकर खेमका आउटसोर्सिंग प्रबंधक संजय ठाकुर के लिखित शिकायत पर बाघमारा पुलिस ने आंदोलन में शामिल कन्हाई चौहान, लिलु गोप, सुबोध गोप, सोनी चौहान, दीपक चौहान, रामनाथ रजक, बाबुलाल गोप, धर्मा रवानी, सुधार गोप, लखीत यादव, शंकर बेलदार, चुररी यादव, शंभु महतो, उमेश चौहान, डीके चौहान, वैशाखी चौहान, छोटू अंसारी, जैन अंसारी, गणेश स्वर्णकार, सुभाष महतो, श्रवण चौहान सहित दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ कांड संख्या 22/23 भादवि 147,148, 149, 341, 323, 325, 385 एवं 387 के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष ग्रामीण एकता मंच के रामनाथ रजक ने कंपनी प्रबंधक संजय ठाकुर, कर्मी दिवाकर महथा, शिवशंकर महथा, सचीन महथा, अविनाश महथा सहित अन्य 25 लोगों के खिलाफ जाती सुचक गाली गलौज कर मारपीट करने, जान मारने की धमकी देने, माथे पर पिस्तौल सटाकर जबरन धरना से हटाने तथा पॉकेट से तीन सौ रुपए छिन लेने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है।

'पहली रोटी गाय को' कार्यक्रम के 700 दिन पूरे, गौ सेवकों में उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। श्री झरिया धनबाद गोशाला में रविवार को पहली रोटी गाय को कार्यक्रम के 700 दिन पूरे होने पर गौ सेवको ने खुशी जाहिर की। इस दौरान धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल गोशाला पहुंचें। उन्होंने गोशाला के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गाय को रोटी खिलाई और कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों की प्रशंसा की। कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से घर की पहली रोटी गौमाता को समर्पित करने से गौ सेवा के क्षेत्र में जुड़ने का नया रास्ता बना है। लगातार इस कार्यक्रम के संचालन के लिए उन्होंने आयोजक अनिल खेमका की प्रशंसा की। कहा कि गौशाला में बूढ़ी लाचार गाय का सेवा किया जाता है। इन्होंने हिन्दुओं की संस्कृति को कायम रखा है। हिंदू धर्म में गौ सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य बताया गया है। वहीं अनिल खेमका ने बताया के इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेश में रहने वाले भी गौ भक्तों ने अपनी रुचि दिखाई है। कार्यक्रम की शुरूआत 27 जून 2021 को हुआ था। कई फिल्मी हस्तियों ने भी इस कार्यक्रम से प्रभावित होकर योगदान दिया है। आगे भी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक चलाने के लिए गौ भक्त सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गौशाला में अपना नाम लिखाया जाता है। इसके बाद गौशाला आकर बूढ़ी लाचार गाय को रोटी खिलाकर पुण्य कार्य में भागी बन सकते हैं। इस मौके पर सत्यनारायण भोजगढ़िया, ललित जगनानी, सत्यनारायण भोजगढ़िया, संतोष सिंह, राहुल सोनी, गोशाला प्रबंधक दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

बोकारो कांग्रेस ने भारत जोड़ो नहीं, बल्कि मुसलिम जोड़ो यात्रा शुरू की है: महेंद्र राय

बोकारो में कर्बला मैदान में आयोजित हुआ भारत जोड़ो कार्यक्रम को लेकर चढ़ा सियासी पारा

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। कांग्रेस की ओर से बोकारो जिला के सिवनडीह स्थित कर्बला मैदान में हुए भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन कहीं न कहीं विशेष समुदाय के लोगों को लुभाने के लिये आयोजित की गई। जिसका प्रचार प्रसार भी चिन्हित जगहों पर ही की गई। जहां विशेष समुदाय के लोग निवास करते हैं। ये बातें भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी महेंद्र राय ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने 1947 से भारत को तोड़ने का काम किया आज वे भारत जोड़ो यात्रा कर रहे। कांग्रेस के कारण अखंड भारत खंडित हुआ। कांग्रेस के कारण भारत की लाखों हेक्टर जमीन पाकिस्तान, चीन के कब्जे में रही। कश्मीर का मुद्दा भी कांग्रेस के कारण ही हुआ।

बोकारो में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा पर सवाल करते हुए कहा कि आखिर कांग्रेस को यह यात्रा विशेष समुदाय के बीच क्यों आयोजित करनी पड़ी। झामुमो के प्रति जिस प्रकार मुसलिमों का झुकाव बढ़ रहा है यह देख कांग्रेस को अपना वोट बैंक खोने का खतरा लग रहा है। अगर यह भारत जोड़ो यात्रा थी तो यह कार्यक्रम आम जनों के बीच होती। आयोजित स्थल पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बोकारो शहर में कई ऐसे स्थल हैं जहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, शत्रुधन सिन्हा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे नेताओं की सभा आयोजित की गई। पर कांग्रेस ने कार्यक्रम के लिए कर्बला मैदान को ही क्यों चुना। कांग्रेस को अपने ही सहयोगी से डर हैं कि कहीं झारखंड में झामुमो मुसलिम वोट बैंक पर सेंधमारी ना कर दे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का धनबाद लोकसभा में कोई असर नहीं होगा। धनबाद की जनता को मोदी सरकार के किये जनकल्याणकारी योजनाओं व उनके द्वारा ऐतिहासिक निर्णयों से संतुष्ट है। 2024 में धनबाद की जनता भाजपा को ही वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करेगी।

कलयुग में भगवान के नाम से ही होगा कल्याण: देवी शिखा

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। जुनकुंदर प्रोजेक्ट में चल रहे महायज्ञ के दौरान राम कथा में कथा व्यास देवी शिखा चतुर्वेदी ने कहा कि राम से बड़ा राम का नाम है। सुकंत ने राम नाम के कवच से अपनी प्राण की रक्षा की थी। कहा कि भाव से या कुभाव से राम का नाम लो, वह कल्याणी ही होता है। कलियुग में सिर्फ भगवान का नाम ही पार लगाने वाला है। उन्होंने कहा कि विकट परिस्थितियों में जीवात्मा को भगवान को समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने गुरु की महानता और संत की महिमा का वर्णन किया। कहा कि प्रयाग में स्नान करने से कब उसका फल मिलेगा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन संत रुपी प्रयाग में स्नान करने से चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है। संगीतमय कथा के दौरान उन्होंने शिव विवाह का चरित्र चित्रण किया। रविवार की शाम को झांकी के साथ नगर भ्रमण हुआ। शिव पार्वती के वाल सज्जा स्वरुप झांकी का आकर्षक का केंद्र था।

वाम मोर्चा ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

धनबाद (आजाद सिपाही)। नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों नहीं कराए जाने के विरोध में रविवार को वाम दलों ने रणधीर वर्मा चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से नहीं कराया जाना संविधान का अपमान है। राष्ट्र का प्रथम नागरिक, संवैधानिक प्रधान और संसद के भौतिक प्रतीक को ही नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर आमंत्रित नहीं करना संविधान की मूल भावना पर कुठाराघात है। आरोप लगाया कि भाजपा देश को संविधान से नहीं, बल्कि सनातन धर्म से चलाना चाहती हैं। मौके पर माकपा जिला सचिव मंडल सह राज्य कमेटी सदस्य शिव बालक पासवान, मो फिरोज रजा कुरैशी, माकपा के नकुल सिंह, मासस नेता राणा चट्टराज, फॉरवर्ड ब्लॉक के मोहफिज साहील आदि थे।

पंचायती राज व्यवस्था से जूझ रहे बोकारो के पुनर्वास क्षेत्र : वृंदा करात

बोकारो (आजाद सिपाही)। विस्थापितों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल माकपा पोलितब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद वृंदा करात और बंगाल के वीरभूम जिले से पूर्व सांसद कॉ रामचंद्र डोम से उनके बोकारो प्रवास के दौरान मिला। उन्हें बोकारो के विस्थापितों की जमीनी हकीकत से अवगत कराया। बोकारो इस्पात प्रबंधन और प्रशासन द्वारा एक साजिश के तहत विस्थापितों की अस्मिता और अधिकारों पर हमला किये जाने की जानकारी दी। बताया कि यहां 10 मिलियन टन के इस्पात कारखाना के नाम पर 34 हजार एकड़ से अधिक जमीन का अधिग्रहण किया गया है, जबकि, 70 वर्षों में प्लांट का उत्पादन 4.4 मिलियन टन से आगे नहीं बढ़ा है। अब एक साजिश के तहत खाली जमीन में अतिक्रमण करवाया जा रहा है। जब विस्थापितों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तो हम खाली जमीन वापस चाहते हैं। इस पर उन्होंने विस्थापितों की बुनियादी समस्याओं पर एक रिपोर्ट तैयार कर जुझारू संघर्ष संगठित करने को कहा। इस मौके पर मो अब्बास, मदन मोहन महतो, कल्याणी सिंह, विजय सिंह, संतोष सिंह, अरविन्द कुमार, विजय घटवार, राजकुमार गोरांई, मनोज कुमार रजवार, शांति भारत आदि मौजूद थे।

सेंट्रलाइज्ड पेंशन प्रोसेसिंग सेल हस्तांतरण के विरुद्ध डीवीसी प्रबंधन के खिलाफ होगा आंदोलन

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। डीवीसी श्रमिक यूनियन कार्यालय मैथन में रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर यूनियन के सचिव निशीथ मुखर्जी, स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेन्दु चक्रवर्ती, कर्मचारी संघ के सचिव मदन मेहता, हिंद मजदूर किसान यूनियन के सचिव एवं पेंशनर्स फोरम के सचिव जी राम ने कहा कि 30 मई को दिल्ली से कोलकाता मुख्यालय में डीवीसी के निजी पेंशन सिस्टम को दूसरे को हस्तांतरण करने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन में मैथन से 100 से ऊपर कर्मचारी एवं पेंशनर्स हिस्सा लेंगे। वक्ताओं ने आशंका जताया कि डीवीसी अपने पेंशन सिस्टम को सेंट्रलाइज्ड पेंशन प्रोसेसिंग सेल को हस्तांतरण कर पेंशनरों के भविष्य एवं सामाजिक सुरक्षा को अंधकार में धकेलना चाहता है। इसके प्रतिवाद में डीवीसी के तमाम कर्मचारी एवं पेंशनर्स प्रबंधन के विरुद्ध 30 मई को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर एसके घोष, राजेंद्र यादव, धर्म देव सिंह, विशु मजूमदार, विनय गोस्वामी और तौसीफ खान उपस्थित थे।

तेज आंधी पानी ने फिर मचायी तबाही, उखड़े दर्जनों पेड़, वाहन क्षतिग्रस्त

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। भीषण गर्मी के बीच प्राकृतिक कहर भी जारी है। रविवार की दोपहर एक बार फिर से आई तेज आंधी और पानी के चलते इलाके के कई पेड़ धासासायी हो गए। मकान की छतें उड़ गई। सेंद्रा स्थित कनकनी कोलियरी कार्यालय में सेफ्टी अफसर की गाड़ी के उपर पेड़ टूट कर गया। कर्मियों ने पेड़ को काटकर हटाया, जिसके बाद कार को निकाला जा सका। कनकनी मुखर्जी धौडा निवासी सह बीसीसीएल कर्मी अवधेश कुमार मिश्रा के आवास की एस्बेस्टर्स शिट टूट गया।

कोलकाता के आमरी अस्पताल के प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन अब गोविंदपुर के अपना अस्पताल में सेवा देंगे

ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं: डॉ आरएन भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

गोविंदपुर के अपना अस्पताल में उपस्थित प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ आरएन भट्टाचार्य।

धनबाद/गोविंदपुर। कोलकाता के एएमआरआइ अस्पताल के निदेशक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन प्रो डॉ आरएन भट्टाचार्य ने रविवार को गोविंदपुर के साहिबगंज मोड़ स्थित अपना हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि ब्रेन ट्यूमर अब लाइलाज बीमारी नहीं रही। इसका उपचार संभव है। इस बीमारी से ग्रस्त लोग उचित इलाज के बाद पूर्ण रूप से स्वस्थ हो रहे हैं। उन्होंने लकवा व मिर्गी के दौरे, याददाश्त में कमी, कमर एवं गर्दन दर्द, मस्तिष्क में खून आना, मस्तिष्क में पानी जमना, मस्तिष्क चोट, स्लिप डिस्क, दिमागी बुखार, सिर दर्द आदि के बारे में भी मरीजों को जरूरी जानकारी देते हुए कई सलाह दिए। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गोविंदपुर अपना हॉस्पिटल में अपनी सेवा देंगे। इसके लिए संबंधित मरीजों को त्वरित सुविधा के लिए अपना हॉस्पिटल में पहले से पंजीयन करा लेना होगा। वहीं अपना हॉस्पिटल के निदेशक मो सलाउद्दीन ने डॉ भट्टाचार्य का स्वागत किया और यहां सेवा देने के लिए उनका आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अब धनबादवासी अनुभवी और विशेषज्ञ न्यूरो सर्जन डॉ आरएन भट्टाचार्य से अपने ही शहर में समय पर इलाज करवा सकेंगें। अब न्यूरो से ग्रसित मरीजों को शहर से दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस मौके पर अस्पताल के मो आमिरुद्दीन, शमशेर रजा, अशोक कुमार और अनिता आदि मौजूद थे।

ओबीआर की चपेट में आने से पिट वाटर आपूर्ति पाइप क्षतिग्रस्त, जलापूर्ति ठप

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी कोलियरी कार्यालय के पीछे राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी की ओर से गिराए जा रहा ओबीआर की चपेट में आ कर छह इंच का मेन पाइप फट गया। जिससे क्षेत्र में पिट वाटर की आपूर्ति एक सप्ताह से ठप है। सारा पानी वहीं पर बह जाने के कारण सेंद्रा स्टाफ कालोनी, सेंद्रा तीन व चार नंबर और सड़क किनारे रहने कालोनी में पिट वाटर की किल्लत हो गई है। करीब एक हजार की आबादी पानी के लिए तरस रही हैं। लेकिन प्रबंधन का इस ओर ध्यान ही नहीं है, जिससे लोगों में आक्रोश है। लोगों ने बताया कि ओबीआर गिराने के कारण कई बार पाइप क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रबंधन के पास विरोध जताने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं, प्रबंधन का कहना है कि कोलियरी में मेन पावर की कमी है। वे लोग क्या करें। पाइप में रबड़ बांध कर आपूर्ति शुरू कर दी गई थी। पीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ओबीआर जब तक हटाया नहीं जाता है तब तक पाइप की मरम्मत नहीं हो सकती है। मजदूर नहीं है। इस स्थिति ओबीआर कौन हटाएगा। यदि ग्रामीण ओबीआर हटा देते हैं तो नया पाइप जोड़ कर पहले जैसे पिट वाटर की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

उज्जैन के महाकाल लोक में आंधी से सप्तऋषियों की छह मूर्तियां टूटीं

राजस्थान में आंधी से मोबाइल टावर गिरा, डुंगरपुर में एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। मध्यप्रदेश के उज्जैन में रविवार को तेज आंधी के कारण महाकाल लोक की मूर्तियां गिर गयीं। सप्तऋषियों की 6 मूर्तियां गिर कर खंडित हुईं। 10 से 25 फीट ऊंची ये मूर्तियां लाल पत्थर और फाइबर रेनफोर्स प्लास्टिक से बनी हैं। इन पर गुजरात की एमपी बाबरिया फर्म से जुड़े गुजरात, ओडिशा और राजस्थान के कलाकारों ने कारीगरी की है। उज्जैन में ही श्री सांदीपनि आश्रम के सामने आंधी से पेड़ उखड़कर गिर पड़ा। हादसे में कई श्रद्धालु बाल-बाल बचे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2022 को उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। महाकाल लोक का अभी पहले फेज का काम पूरा हुआ है। इस पर करीब 793 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसके दूसरे फेज का काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

नागौर में मोबाइल टावर गिरा, डूंगरपुर में एक की मौत : राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, अजमेर संभाग के जिलों में शनिवार देर रात 2 बजे, फिर रविवार सुबह बारिश हुई। जैसलमेर के रामदेवरा में दोपहर 1 बजे तेज बारिश के साथ ओले गिरे। नागौर में तेज आंधी से मोबाइल टावर गिर गया। आंधी के कारण पुष्कर की सावित्री माता मंदिर के रोपवे पर लोग फंसे हुए हैं। वहीं, डूंगरपुर में मकान गिरने से एक की मौत हो गयी।

मध्यप्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश

मध्यप्रदेश में रविवार से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया है। इससे भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश में बारिश होगी। भोपाल में रविवार को बादल छाये रहे। सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में ओले गिर सकते हैं। प्रदेश के कई जिलों में हवा-आंधी की स्पीड 70डे प्रतिघंटा तक रह सकती है।

आंध्र प्रदेश में तेज आंधी और बारिश

आंध्र प्रदेश में रविवार को तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इससे राजामहेंद्रवरम के बाहरी इलाके के वेमागिरी में तेलुगू देशम पार्टी के महानडू कार्यक्रम में बाधा डाली। लोगों को बचने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा।

अगले 24 घंटों में पूर्वी राज्यों में होगी बारिश

आइएमडी ने पूर्वोत्तर भारत में बारिश की भी भविष्यवाणी की है। अगले 24 घंटों के दौरान असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है और उसके बाद इसमें कमी आयेगी।

भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन परियोजना के निर्माण कार्य का 50 प्रतिशत पूरा

हरिदासपुर-बैरी सेक्शन, 16.80 किमी की दूरी लक्ष्य अवधि (जून 2023) से पहले पूरी की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे के खुर्दा रोड डिवीजन के तहत भद्रक और कटक रेलवे स्टेशनों के बीच हावड़ा-चेन्नई मेन लाइन में भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन परियोजना का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। इस परियोजना का 50 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

हरिदासपुर और बैरी के बीच 16.80 किलोमीटर का एक पैच जिसे जून 2023 के अंतिम सप्ताह तक पूरा किया जाना था लेकिन मई 2023 के प्रथम सप्ताह से पहले पूरा कर लिया गया है।

यह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा परियोजना कार्यों की लगातार समीक्षा के कारण संभव हुआ है। महाप्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए विभिन्न परियोजना कार्यों को तेजी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। श्री शर्मा ने परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को राज्य सरकार के अधिकारियों सहित हितधारकों के साथ समन्वय करने की भी सलाह दी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ओडिशा में चल रहे विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ-साथ क्षेत्र के रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं और विकास कार्यों की नियमित निगरानी भी कर रहे हैं। भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन का काम क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और हावड़ा-चेन्नई मेन लाइन में परेशानी मुक्त ट्रेन संचालन प्रदान करेगा। भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन (92.19 किलोमीटर) परियोजना को 2012-13 में शामिल किया गया था और अंतिम स्वीकृति अक्टूबर 2015 में दी गई थी। जखपुरा और हरिदासपुर के बीच 23.53 किलोमीटर का हिस्सा अप्रैल 2016 में पूरा हुआ, कपिलास रोड से शालगांव तक 4.30 किलोमीटर का हिस्सा मई 2019 को चालू किया गया और कपिलास रोड से निर्गुंडी तक 4.20 किलोमीटर की दूरी अक्टूबर 2022 को शुरू की गई चरणबद्ध तरीके से। शेष 83.69 किलोमीटर कार्य के लिए भद्रक-निर्गुंडी तीसरी लाइन के कार्य को 2023-24 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना की नवीनतम अनुमानित लागत 1284.39 करोड़ रुपये है, जहां 648.68 करोड़ रुपये पहले ही खर्च किए जा चुके हैं। पूरी परियोजना के निर्माण की भौतिक प्रगति लगभग 54% है और व्यय लगभग 50.5% है।

5टी सचिव ने मां समलेई मंदिर विकास परियोजना का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर, संबलपुर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निर्देशन में मुख्यमंत्री के सचिव (5टी) वी के पांडियन ने मां समलेश्वरी मंदिर परियोजना का दौरा किया, जिसे समलेई के नाम से जाना जाता है। इस परियोजना लगभग 30 एकड़ के क्षेत्र में विकसित की जा रही है और परियोजना के लिए लगभग 25 एकड़ पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है और कार्य प्रगति पर है। उन्होंने ठिका संस्था को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये, ताकि इसे समय से पूरा किया जा सके। वहां से समलेई परियोजना के सौंदर्यीकरण कार्य की समीक्षा की।

तीन तरफ निर्माणाधीन हेरिटेज वेलकम गेट वाले प्लाजा क्षेत्र को देखने के बाद उन्होंने

निर्माणाधीन हेरिटेज कॉरिडोर का जायजा लिया। 5टी सचिव ने अधिकारियों से स्थानीय विरासत को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने वेंडिंग जोन, सूचना काउंटर, तीर्थयात्री सुविधा और मंदिर सुविधा केंद्र और एक प्रतिष्ठित निगरानी टावर का भी निरीक्षण किया, जो तेजी से प्रगति पर है। इस यात्रा के दौरान संबलपुर शहर के हजारों लोगों ने 5टी सचिवों का स्वागत किया और अपनी-अपनी मांगें रखीं। उनकी मांगों को सुनने के बाद उन्होंने उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर उनसे फीडबैक लिया। उन्होंने शहर के अंदर राजाघाट स्मशान (कबरस्थान) को मंडलिया से स्थानांतरित करने का आदेश दिया। समलेइ परियोजना को 5टी पहल के तहत क्रियान्वित किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान संबलपुर के जिलाधिकारी, एमडी ओबीसीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, मंदिर ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष उपस्थित थे।

अमिताभ बच्चन ने खुद को बेवकूफ बताते हुए मांगी माफी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। कभी ट्विटर तो कभी इंस्टाग्राम पर वो अपनी डेली लाइफ से जुड़ी अपडेट शेयर करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपने ब्लॉग में अपनी एक गलती पर खुद को सुधारते हुए एक नोट लिखा है। रविवार को अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने खुद को 'बेवकूफ' कहा और दिवंगत गायक बॉब डायलन के एक गीत का श्रेय बीटल्स को देने के लिए अपने प्रशंसकों से माफी भी मांगी।

अमिताभ बच्चन ने अपने नोट में लिखा कि वह रविवार को जलसा में अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए काम खत्म करने की 'बहुत कोशिश' कर रहे थे। रविवार को अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने लिखा, ओह डियर.. काम के लिए बहुत जल्दी निकल गया और यहां ईएफ से मिलने के लिए समय मिला.. और मैं काम खत्म करने की सख्त कोशिश कर रहा हूं ताकि मैं जीओजे में समय पर पहुंच सकूं। लेकिन उससे पहले, एक सुधार.. मेरी क्षमा याचना.. और मुझे इंगित करने के लिए सबसे कुशल ईएफ का आभार।

सुधारी अपनी गलती : उन्होंने यह भी कहा कि मेरे के दोस्त ने मुझे सही किया कि वो बीटल्स नहीं है.. यह बॉब डायलन है.. हां बिल्कुल.. मैं ऐसा बेवकूफ हूं.. तो मेरी गलती के लिए क्षमा करें.. सही करेंगे यह तुरंत.. तब तक मेरा प्यार।₹ बॉब डायलन का 'ब्लोइन इन द विंड' 1963 के एल्बम द फ्रीव्हीलिंग बॉब डायलन से है।

5जी इंटरनेट स्पीड को लेकर झूठा दावा लगा 20 अरब जुर्माना

नयी दिल्ली। मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों की ओर से अपनी 5जी सेवाओं को लेकर अट्रा फास्ट स्पीड के बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं। लेकिन अब टेलीकॉम कंपनी पर 5जी इंटरनेट स्पीड को लेकर झूठा दावा करने पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। टेलीकॉम कंपनियों पर करीब 33.6 बिलियन वोन यानी करीब 209 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना साउथ कोरिया में लगाया गया है और तीन टेलीकॉम कंपनियों पर लगा है। कोरिया टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, साउथ कोरिया मोबाइल रेगुलेटर, फेयर ट्रेड कमीशन (एफटीसी) ने ये जुर्माना 5जी नेटवर्क स्पीड के बारे में गलत दावा करने और यूजर्स को गुमराह करने वाले विज्ञापन चलाने को लेकर लगाया गया है। एफटीसी ने एसके टेलीकॉम, केटी और एलजी यूप्लस पर अपने 5जी नेटवर्क के प्रदर्शन को गुमराह करने और बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने के लिए जुर्माना लगाया है, फेयर ट्रेड कमिशन ने वेरिफाइड टेस्ट रिजल्ट प्रदान किये बिना अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में तेज गति का दावा करने वाली कंपनियों की आलोचना भी की है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**